वर्ष-3, अंक-38
इन्दौर, शनिवार
26 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।

चाणक्य
-चाणक्य

## पहलगाम की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों को जवाब मिलेगा : मुख्यमंत्री

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय सेना को परमात्मा का भी आशीर्वाद प्राप्त है जो हर तरह की अव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदल सकती है। हाल ही में पहलगाम में हुई घटना से सभी का मन विचलित और व्यथित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल के एयर पोर्ट रोड पर द्रोणांचल परिसर स्थित योद्धा स्थल में लाइट एण्ड साउंड शो के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह शो प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम को होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मानवता के दुश्मनों द्वारा पहलगाम में किए गए कायराना हमले में दिवंगत सभी पर्यटकों को श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों को निश्चित रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और हमारी सरकार जहां उनका मुकाम है वहां पहुंचाकर छोड़ेगी। इस घटना के बाद पूरा देश एकजुटता के साथ इस नृशंस हत्या कांड के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा है। पूरे देश को शुरू से सेना के प्रति आशा और उम्मीद की किरण दिखाई देती है। यह हम सबका सौभाग्य है कि



हमारी सेना हमेशा असंभव को संभव करके दिखाती है। हमारे जवान किसी भी स्थिति में स्वर्ग रचने का काम करते हैं, वे दुश्मनों के लिए काल, विकराल और महाकाल बनकर वीरता के झंडे गाड़ते हैं।

### अद्भुत है लाइट एंड साउंड शो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाइट एंड साउंड शो की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसमें पाषाण युग से लेकर अब तक के अतीत को और समस्त घटनाओं को श्रेष्ठ ढंग से संयोजित किया गया है। यह स्थान श्रद्धा के भाव से हमें भर देता है। भोपाल का इतिहास भी शो का हिस्सा बना है। यह लाइट एंड साउंड शो सेना के शौर्य से परिचित करवाकर युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैसे तो पर्यटन विभाग लाइट एंड साउंड शो करता है लेकिन सेना का यह प्रयास सराहनीय है। यह गौरव का क्षण है। योद्धा स्थल सहित विभिन्न स्मारक राजधानी का गौरव बढ़ा रहे हैं।यह सिलसिला निरंतर चल रहा है।

### प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेना के प्रयास सराहनीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में सेना के प्रयासों की भी सराहना की। राज्य सरकार सेना के ऐसे प्रयासों में पूर्ण सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वेलनेस सेंटर ÷ निरामया÷ में शिरोधारा, पंचक्रम, हाइड्रो थैरेपी और ओजोन थैरेपी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में आयुष, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार,संगठन पदाधिकारी श्री महेंद्र सिंह, श्री रविंद्र यति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना उपस्थित थे। 21वीं कोर हेड क्वार्टर के लेफ्टिनेंट जनरल श्री प्रीतपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव अनेक क्षेत्रों में प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उनकी प्रतिबद्धता दिखाई देती है। सैनिक कल्याण और पूर्व सैनिकों के हित में प्रदेश में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में अनेक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भी दी है जिसमें सेना के कार्यालयों और रहवास क्षेत्र को भी लाभ मिल रहा है, जो कार्य अनेक वर्ष से लंबित थे वे पूर्ण हो रहे हैं। लालघाटी क्षेत्र से सड़क द्वारा अन्य इलाके जुड़े हैं। मैराथन हो या लाइट एंड साउंड शो प्रारंभ करने के प्रयास हों, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के रूझान से यह गतिविधियां हो रही हैं। श्री प्रीतपाल सिंह ने कहा कि प्रगति से सेना सशक्त होगी।



**रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री 26 अप्रैल को**

## सरकारी विभागों और संस्थानों में 51,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51,000 से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वह इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत, 15वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे तथा वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे। देश भर से चयनित नए कर्मचारी राजस्व विभाग, कार्मिक एवं लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों का हिस्सा होंगे।

### न्यूज़ ब्रीफ

#### पाकिस्तान सेना ने की रात भर फायरिंग , भारत ने दिया जोरदार जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए कठोर निर्णयों से बौखलाए पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार पूरी रात कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर फायरिंग की जिसका भारतीय सेना ने जोरदार जवाब दिया। सेना के सूत्रों ने शनिवार सुबह बताया कि पाकिस्तानी सेना ने 25 और 26 अप्रैल की दरम्यानी रात कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर अनेक चौकियों से छोटे हथियारों से फायरिंग की । सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना ने भी इसके जवाब में जोरदार फायरिंग की। फायरिंग के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत के पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और उसने गुरुवार रात भी नियंत्रण रेखा पर फायरिंग की थी।

#### शिवपुरी मामले में वायु सेना ने जताया खेद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक मकान पर एक विमान से भारी गोले जैसी वस्तु गिरने से उस मकान के ध्वस्त होने के मामले में वायु सेना ने खेद जताया है। भारतीय वायु सेना ने एक्स पोस्ट के माध्यम से कहा कि शिवपुरी के पास एक वायु सेना के एक विमान से गैर विस्फोटक वस्तु गिरने से मकान को हुए नुकसान को लेकर वायु सेना खेद व्यक्त करती है। इस मामले में वायु सेना की ओर से जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। शिवपुरी जिले के पिछोर में कल दोपहर एक मकान पर आसमान से गोले जैसी अज्ञात वस्तु गिरने से जहां एक ओर मकान ध्वस्त हो गया था, वहीं ये अज्ञात वस्तु जमीन में लगभग 10 फुट गहराई का गड्ढा करते हुए धंस गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऊपर से एक हवाईजहाज निकलने के दौरान ये भारी-भरकम गोला मकान के ऊपर गिरा था।

#### यूएनएससी ने पहलगाम हमले की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र सूचना केन्द्र की ओर से जारी प्रेस वक्तव्य के अनुसार सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत सरकार तथा नेपाल सरकार के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की।

**चौथे दिन भी जारी नक्सल ऑपरेशन,**

## हेलीकॉप्टर से बमबारी, अब तक 5 नक्सली ढेर

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ आज चौथे दिन भी जारी है। कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों के बीच सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की मांद में घुसकर ऑपरेशन तेज कर दिया है। अब तक की कार्रवाई में 5 नक्सलियों को मार गिराया गया है, जिनमें से तीनों के शव और हथियार बरामद किए जा चुके हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, आज हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षा बलों ने नक्सलियों पर गोलीबारी और बमबारी की है।

### अकाली नेता मेजर सिंह स्वादि का निधन

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के टकसाली नेता और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पूर्व सदस्य मेजर सिंह स्वादि का आज निधन हो गया है। शिरोमणि अकाली दल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि स्वादी साहब ने पंथ की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को 17 वर्षों तक निस्वार्थ सेवा प्रदान की।

## भोपाल में कॉलेज की तीन सहेलियों के साथ रेप

**तीनों आरोपियों ने हिंदू नाम बताकर दोस्ती की, फिर अश्लील वीडियो बनाकर मांगे पैसे**

**भोपाल।** भोपाल में एक ही कॉलेज की तीन छात्राओं के साथ रेप का मामला सामने आया है। फरहान खान, साहिल खान और अली खान नाम के आरोपियों ने नाम बदलकर इन छात्राओं से दोस्ती की। इसके बाद उन्हें मिलने बुलाकर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर रेप किया। आरोपियों ने



लड़कियों के अश्लील वीडियो भी बना लिए थे। इन्हें वायरल करने की धमकी देकर कई और बार ज्यादती की। इतना ही नहीं आरोपियों ने लड़कियों से हजारों रुपए भी ऐंठ लिए। जब आरोपियों की डिमांड बढ़ती गई, तब एक युवती भोपाल के बागसेवनिया थाने पहुंची और एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी दो अन्य सहेलियों के साथ भी इसी तरह की वारदात की गई है। पुलिस ने इन दोनों युवतियों की काउंसलिंग कराई। इस पर दोनों युवतियों ने जहांगीराबाद और अशोका गार्डन इलाके में रेप होने की बात स्वीकार की।

## यूपी में करीब 1500 पाकिस्तानी, एक्शन शुरू

**सहारनपुर से 12 लोग भेजे गए; बुलंदशहर में महिला खूब रोई**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों पर एक्शन शुरू हो गया है। यहां अलग-अलग जिलों में करीब 1500 पाक नागरिक रह रहे हैं। इनमें अधिकांश पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक 118 पाक नागरिकों को चिह्नित किया गया है। इनमें मां-बेटी समेत 32 को अटारी बार्डर के जरिए पाकिस्तान भेज दिया गया। यूपी में मौजूद पाकिस्तानियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घर पर गुरुवार देर रात एक बैठक हुई । जिसमें गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और डीजीपी प्रशांत कुमार



शामिल हुए। हालांकि सरकार ने पाक नागरिकों का कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं जारी किया है। केंद्र सरकार के आदेश के बाद पाक नागरिक LIU ऑफिस पहुंच रहे हैं। सहारनपुर में विजिटर वीजा पर कुल 18 पाकिस्तानी नागरिक आए थे। इनमें से 12 नागरिकों ने गुरुवार को अटारी बॉर्डर से वापस भेज दिया गया। बरेली से एक और बुलंदशहर से 5 पाकिस्तानियों को उनके देश डिपोर्ट कर दिया गया।

### इजरायली हमलों में 50 से अधिक की मौत

**गाजा (एजेंसी)।** गाजा पट्टी पर गुरुवार सुबह से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 हो गई है, जिनमें से 39 गाजा शहर और एन्क्लेव के उत्तरी इलाकों में हुए हमलों में मारे गए हैं। अल जजीरा प्रसारक ने फिलिस्तीनी चिकित्सा स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

### पाक में बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में गुरुवार को एक बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना कलात जिले में हुई।

## राहुल को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते।



उन्होंने हमें आजादी दिलाई और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं। जस्टिस दीपांकर दत्ता ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। कोर्ट ने राहुल को जारी समन रद्द करने से इनकार करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी है।

## राइस मिल में धमाका, 5 की मौत

**धुआं भरने से बेहोश होकर गिरे, 3 गंभीर; ड्रायर फटने से हुआ हादसा**

**बहराइच (एजेंसी)।** बहराइच में राइस मिल में धमाका हो गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 की हालत गंभीर है। शुक्रवार सुबह जब यह हादसा हुआ, उस समय मिल में 15-17 मजदूर काम कर रहे थे।



तभी मिल का ड्रायर फट गया। इसके बाद आग लग गई। थोड़ी देर में मिल में धुआं भर गया। इसके चलते मजदूर बेहोश होकर इधर-उधर गिरने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने 5 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम मोनिका रानी मौके पर पहुंची हैं। उन्होंने कहा- राइस मिल में धान सुखाया जा रहा था, तभी हादसा हो गया।

### मैं जान बचाकर वहां से भागा....

जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय श्रावस्ती के रहने वाले लवकुश भी मिल में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया- हम लोग धान को सुखा रहे थे, तभी अचानक ड्रायर फट गया। इससे आग लग गई। हम लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। इस दौरान पूरे राइस मिल में धुआं भर गया। लोग बेहोश होकर गिरने लगे। यह देखकर मैं जान बचाकर वहां से भागा और आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद सभी को बाहर निकाला गया।

### विमान दुर्घटनाग्रस्त, छह लोगोंसकी मौत

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड के फेत्चाबुरी प्रांत के रिसॉर्ट शहर हुआ हिन के तट के पास शुक्रवार सुबह एक छोटा पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। थाई पुलिस ने यह जानकारी दी। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कहा कि पुलिस विमानन प्रभाग का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। फेत्चाबुरी प्रांत के पुलिस आपातकालीन केंद्र ने कहा कि उन्हें सुबह करीब 8 :15 बजे एक स्थानीय रिसॉर्ट के पास समुद्र में एक विमान के गिरने की सूचना मिली।

## अग्निवीरों की भर्ती मामले में 3 नेवी ऑफिसर गिरफ्तार

**कैंडिडेट्स से 1 लाख तक वसूलने का आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा में अग्निवीर योजना में भर्ती के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 3 नेवी अफसरों को गिरफ्तार किया गया है। खुर्दा पुलिस ने गुरुवार को ये कार्रवाई की। एक अफसर रिटायर हो चुका है। इन पर आरोप है कि ये कैंडिडेट्स को भर्ती में मदद करने का भरोसा दिलाते थे और उनसे पैसे ऐंठते थे। पुलिस ने बताया कि IANS केसरी पर तैनात सत्यम चाहर, IANS चिल्का पर तैनात विनय कुमार रे और रिटायर्ड अफसर भूषण को अरेस्ट किया गया है। भूषण उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। खुर्दा एसपी सागरिका नाथ ने कहा कि IANS चिल्का के ट्रेनिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर अद्वितीय सिंह इन लोगों को बारे में शिकायत की थी। आरोप है कि ये लोग अग्निवीर और सामान्य भर्ती कराने के नाम पर उम्मीदवारों से पैसे वसूल रहे थे। ये लोग कैंडिडेट्स को धमकाते भी थे। ये कैंडिडेट्स से कहते थे कि मेडिकल जांच, पुलिस वेरिफिकेशन और भर्ती में मदद करेंगे। वॉट्सऐप और टेलीग्राम पर इन्होंने कई ग्रुप बना रखे थे, जिनके जरिए ये डॉक्यूमेंटेशन का झांसा देते थे।



### बांदीपोरा में मुठभेड़ में 2 पुलिसकर्मी घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के अजस जंगल में तड़के शुरू हुई मुठभेड़ अब भी जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बल एक ठिकाने की ओर बढ़े, आतंकवादियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया, शुरुआती गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि, पुलिस ने अभी तक अपने किसी भी जवान के घायल होने की पुष्टि नहीं की है।

## संपादकीय

# कश्मीर में आतंक के खिलाफ सख्त फैसले



भारत में हिंदुओं पर सामुदायिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं ने सरकार और देश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दिया है। अपने ही देश में बहुसंख्य हिंदू हिंसक घटनाओं का शिकार हो रहा है। वैसे सामुदायिक और नस्लीय हिंसा पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। लेकिन भारत के आसपास पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हमले और हिंसा बढ़ गए हैं। नेपाल जैसे देश में भी रामनवमी जुलूस पर हिंसा को अंजाम दिया गया। भारत के पड़ोसी इस्लामिक देश में हिंदुओं की स्थिति बद से बदतर है। जबकि ये कभी भारत के हिस्सा थे।यहाँ हिंदुओं पर लगातार धार्मिक उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं भारत की चिंता को बढ़ा दिया है। आतंकवाद से लड़ रहे भारत के सामने सामुदायिक हिंसा की घटनाएं बड़ी चुनौती बन रहीं हैं। सबसे अहम मुद्दा यह है कि अपने देश में ही हिंदू बाहुल्य होने के बाद भी हिंदू सामुदायिक हिंसा का शिकार बन रहा है। जबकि चीन में उइगर मुसमानों का दमन किसी से छुपा नहीं है, लेकिन चीन के खिलाफ पाकिस्तान, बांग्लादेश खामोश है। कश्मीर हुआ नरसंहार इसका ताज़ा उदाहरण है। भारत में इस तरह की हिंसा के पीछे वोटबैंक के लिए राजनैतिक तुष्टिकरण सबसे बड़ी समस्या है। भारत में हिंदुओं पर हिंसक हमले इस्लामिक आतंकवाद की एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान, बांग्लादेश में हिंदुओं का सफाया हो रहा है जबकि अफगानिस्तान में हिंदुओं की आबादी गिनती पर आ गई है। भारत में इस तरह के सामुदायिक और धार्मिक दंगे भड़काने के लिए पाकिस्तान मूल रूप से जिम्मेदार है। लेकिन हम इस तरह की बात कर अपनी जिम्मेदारी से बच भी नहीं सकते हैं। भारत इस्लामिक आतंकवाद से तो हमेशा से पीड़ित रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में राजनैतिक कारणों और उसके फैसलों से देश में सामुदायिक हिंसा, प्रदर्शन और पत्थरबाजी की घटनाएं बढ़ गईं हैं। दोनों समुदायों में एक दूसरे के प्रति नफरत और डर का माहौल पैदा हुआ है। इस तरह की सामुदायिक हिंसा के पीछे सामाजिक, आर्थिक, राजनीति, सोशलमीडिया और धार्मिक कारण मुख्य हैं, जिसकी वजह से ऐसी घटनाएं देश के धार्मिक और सांप्रदायिक तानेबाने को विभाजित करती दिखती हैं। जम्बू -कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जिस तरह निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया वह मानवता के खिलाफ है। इस हिंसा में 26 लोगों की मौत हुई और कई घायल हुए। आतंकवादियों ने सिर्फ हिंदुओं को निशाना बनाया और उनका धर्म पूछ कर उन्हें गोलीबारी मारी। हालांकि की कश्मीर में इस नरसंहार को लेकर काफी गुस्सा देखा जा रहा है। कश्मीर में इस बात पर भी गुस्सा है कि हमले में सिर्फ हिंदू मारे गए। लोगों का कहना है कि पर्यटकों की जान बचाने के लिए दो स्थानीय मुस्लिम और ईसाई, जैन भी मारे गए है। मीडिया का यह रुख गलत है। पूरा कश्मीर पीड़ित परिवारों के साथ है। आतंकियों को फांसी देने की भी बात कहीं गई है। देश के कई हिस्सों में मुस्लिम संस्थाओं ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी भी किया है। इस साजिश के पीछे हाल में पाकिस्तान आर्मीचीफ जनरल कियानी की तरफ से भारत और हिंदुओं के खिलाफ दिया गया वह उसकाऊ बयान भी अहम माना जा रहा है जिसमें उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ भड़काने वाला बयान दिया था। कियानी के बयान के ठीक कुछ दिन बात पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है जिसमें पर्यटकों का धर्म पूँछ कर नरसंहार किया गया। यह पाकिस्तान की सोची समझी रणनीति है।

## कहानी

### सुरेश की आपबीती

सुरेश आज बहुत चिंतित नजर आ रहा था जब वो अपने साथी दोस्तों के साथ पार्क में घूम रहा था - अचानक एक दोस्त रमेश ने पूछा, क्या बात है सुरेश - सब ठीक तो है ,बहुत परेशानी में दिख रहे हो । क्या बताऊं रमेश , मेरी पत्नी अपने पोते या पोती का मुंह देखे बिना , इस ख्वाइश को लिए ही स्वर्ग सिधार गई ।यही चिंता मुझे भी खाई जा रही है कि कहीं में भी अरे सुरेश - रमेश ने उसे ढाढस बंधाते हुए कहा अभी तो तुम काफी साल जिओगे और पोते या पोती को देख ही लोगे ।नहीं मेरे दोस्त रमेश -अब तो शायद ये इच्छा की पूर्ति हुए बिना ही मैं भी ये दुनिया छोड़ जाऊंगा।क्यों ऐसा कह रहे हो दोस्त सुरेश - आश्चर्य से रमेश ने पूछा। क्या बताऊं कल ही मैंने अपने विदेश में रहने वाले बेटे से पूछा कि बहु की तरफ से कोई खुशखबरी हो तो बताना। उसने कहा कि नहीं पापा अभी हमारा बच्चा पैदा करने का कोई इरादा नहीं है ,हम दोनों ही नौकरी में व्यस्त रहते है और फिर बच्चे को कैसे पालेंगे पापा,आप ही बताइए हां पालने की बात पर मुझे याद आया पापा - अभी हमने घर की सुरक्षा के लिए एक विदेशी नस्ल का कुत्ता जरूर पाल लिया है-बेटे ने कहा । एक बाप की भावनाओं की कद्र नहीं करके बेटे ने कैसी प्रैक्टिकल बात कर दी है और वे सोचने लगे कि देखो आज समय कैसा बदल रहा है एक कुत्ते को तो पाल सकते है पर बच्चे को पालने के लिए समय नहीं है आज की पीढ़ी के पास-यह कहकर सुरेश की आंखों में आंसू आ गए ।

**भगवानदास छारिया**
**15 सोमानी नगर इंदौर**

### किताबें ही धरोहर हैं

आज पहली बार आपके कक्ष में बैठने का अवसर मिला। आपका कक्ष तो बहुत सारी किताबो से सजा हुआ है। कितनी ज्ञानवर्धक किताबे आपने जमा कर रखी है।अब मुझे पता चला कि ...आपके पास इतनी सारी जानकारियाँ, इतना ज्ञान आता कहाँ से है। सही कहा-आपने मुझे सारा ज्ञान,सारी जानकारियाँ इन किताबों को पढ़कर ही प्राप्त हुई है।वैदिक काल से लगाकर आज तक मानव इन किताबों से ही तो ज्ञान प्राप्त करता आया है।धन,दौलत खर्च होकर नष्ट हो जाते हैं उससे हमारे अतीत का पता भी नहीं चलता पर ...किताबों के माध्यम से हम अपने अतीत का पता लगा सकते हैं।किताबे ही हमें जीने की कला सिखाती है।दुनिया भर के विद्वानों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक किताबें लिखी है। जिन्हें पढ़कर हम भी विद्वान बन सकते हैं। जैसे.. आप बनें। मैं अपने को विद्वान नहीं मानता पर... मुझे जो भी ज्ञान मिला इन किताबों से ही मिला।यह किताबें ही मेरी धरोहर है।

**महेश गुप्ता राही**
**गुजरी चौक ,राजपुर (बड़वानी)**
**9424056432**

### बचपन का कर्ज

मैं एक बार एक गन्ने के रस की दुकान पर रुका रस पीने के लिये। तभी वहां कुछ बच्चे यही कोई बारह- पंद्रह साल के लड़के आ गये। हाथ में क्रिकेट बैट बॉल इत्यादि शायद कहीं से खेलकर आ रहे थे। अब लगे हिसाब करने की मेरे पास दस रूपये हैं तेरे पास कितने हैं,हो गए 80,बचे 20, होते हैं 100 अबे तेरे पास और हैं निकाल न। मैं साइड में खड़ा उन की बातों का आनंद ले रहा था और अपने दिन याद कर रहा था की कैसे 2-2 रूपये के लिए दोस्त एक दुसरे से मजे लेते थे। अब जब उनके पैसे पूरे नहीं हुए तो रसवाले को बोले की भैया आठ गिलास ही दस में कर दो।अब मैंने उनकी वार्तलाप में थोड़ा हस्तक्षेप किया मैंने पूछा की बच्चों क्या बात हुई,वो बोले कुछ नहीं अंकल,अब मुझसे रहा नहीं गया.

# केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 'सुरक्षित संचार और क्रिप्टोग्राफी के भविष्य' पर आयोजित तीसरे अंतरराष्ट्रीय क्वांटम संचार सम्मेलन का उद्घाटन किया






दूरसंचार विभाग (डीओटी) की तकनीकी शाखा दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) ने टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (सी-डॉट) के सहयोग से आज नई दिल्ली में तीसरे अंतरराष्ट्रीय क्वांटम संचार सम्मेलन (इंटरनेशनल क्वांटम कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव) की मेजबानी की। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में मानकीकरण, अनुसंधान और सुरक्षित डिजिटल परिवर्तन पर विशेष जोर के साथ, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं ने क्वांटम संचार के भविष्य पर विचार-विमर्श किया।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया; संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद; डीसीसी के अध्यक्ष एवं सचिव (दूरसंचार) डॉ. नीरज मित्तल और वरिष्ठ डीडीजी एवं टीईसी प्रमुख श्रीमती तृप्ति सक्सेना भी उपस्थित थे।

यह सम्मेलन खास तौर पर 2023 में ?6003.65 करोड़ के परिव्यय के साथ शुरू किए गए राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के मद्देनजर, क्वांटम संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत द्वारा उठाए गए कदमों के एक हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। यह मिशन, प्रधानमंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सलाहकार परिषद के तहत एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य शिक्षा, उद्योग और स्टार्ट-अप में एक जीवंत और अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए क्वांटम प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन देना है। इस आयोजन के एक भाग के रूप में, क्वांटम सुरक्षित प्रौद्योगिकियों को लागू किए जाने को समर्थन और बढ़ावा देने के लिए तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अनावरण किया गया, जिनमें क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर (क्यूआरएनजी) के लिए सामान्य आवश्यकताओं पर मानक, पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी (पीक्यूसी) में माइग्रेशन पर एक तकनीकी रिपोर्ट और पीक्यूसी का उपयोग करके क्वांटम सिक्योर 5जी /बियॉन्ड 5जी कोर पर एक तकनीकी रिपोर्ट शामिल हैं।

क्यूआरएनजी पर मानक (स्टैंडर्ड ऑन क्वांटम) एक ढांचा प्रदान करते हैं जिनका उपयोग संगठनों द्वारा क्वांटम रैंडम नंबर जेनरेटर के मूल्यांकन के लिए किया जा सकता है। पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी (पीक्यूसी) में माइग्रेशन पर तकनीकी रिपोर्ट का उद्देश्य संगठनों को डेटा और एप्लिकेशन सहित उनके महत्वपूर्ण डिजिटल बुनियादी ढांचे की पहचान करने और क्वांटम सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी में एक सहज संक्रमण के उद्देश्य से तैयार होने के लिए संवेदनशील बनाना है। पीक्यूसी का उपयोग करके क्वांटम सिक्योर 5जी/बियॉन्ड 5जी कोर पर तकनीकी रिपोर्ट क्वांटम कंप्यूटर के उद्भव से विकसित 5जी कोर के भीतर वर्तमान क्रिप्टोग्राफिक प्रोटोकॉल की कमजोरियों पर गहराई से विचार करती है और 5जी कोर आर्किटेक्चर के भीतर प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करती है जहां क्वांटम सुरक्षा प्राप्त करने के लिए पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी (पीक्यूसी) को लागू किया जा सकता है।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उद्घाटन भाषण देते हुए संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने क्वांटम तकनीक के क्रांतिकारी प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा,क्वांटम कंप्यूटिंग सिर्फ एक और कदम नहीं है, यह एक बड़ी छलांग है जो नवाचार को परिभाषित करेगी, वैज्ञानिक खोज को गति देगी और मानवीय समस्याओं के कई समाधान सामने लाएगी जिन्हें अब तक हमेशा से ही असंभव माना जाता रहा है। श्री सिंधिया ने कहा कि अब भविष्य सिर्फ डिजिटल नहीं है, अब भविष्य क्वांटम है। क्वांटम कंप्यूटिंग के प्रभाव न केवल वैज्ञानिक खोज को, बल्कि हमारे जीवन को भी प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा, आइए साहस, प्रतिभा और उद्देश्य की स्पष्ट भावना के साथ क्वांटम युग में कदम रखें।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के नेतृत्व में सम्मेलन के प्रतिभागियों ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम, जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा। उन्होंने आतंकवादी हमले की निंदा की और इसे अमानवीय तत्वों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण, जघन्य हमला बताया, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा, मेरा दिल उन सभी के लिए दुखी है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और हम में से हर कोई अपने दिल की गहराई से, हर एक परिवार के सदस्य के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के परिवर्तनकारी नेतृत्व में भारत क्वांटम प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के माध्यम से हम क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसिंग और क्वांटम सामग्रियों में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे हैं। हमारा जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम, हमारे विश्व स्तरीय शोध संस्थान और हमारे उद्योग के अग्रणी पहले से ही तैनाती के लिए तैयार स्वदेशी क्वांटम समाधान प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सभी शोधकर्ताओं, इंजीनियरों और दूरदर्शी उद्यमियों से अपनी जिज्ञासा को बढ़ाने, ज्ञान बढ़ाने और पारंपरिक विचारों को चुनौती देने का आह्वान किया।

इसके बारे में:- दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी), दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन दूरसंचार और संबंधित आईसीटी उत्पादों के लिए मानक निर्धारण संगठन है। यह दूरसंचार/आईसीटी क्षेत्र के लिए मानकों, विनिर्देशों, परीक्षण प्रक्रियाओं, सेवा विनिर्देशों और तकनीकी विनियमों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। टीईसी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्वांटम प्रौद्योगिकी पर मानकीकरण गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है और आईटीयू, आईईईई आदि में भाग लेता है और योगदान देता है। टीईसी ने क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम और क्वांटम-सेफ एंड क्लासिकल क्रिप्टोग्राफिक सिस्टम पर मानक जारी किए हैं। टीईसी ने क्वांटम प्रौद्योगिकी पर मानकों के विकास के उद्देश्य से एक केंद्रित और समन्वित दृष्टिकोण रखने के लिए शिक्षाविदों, उद्योग/स्टार्टअप, आरएंडडी संगठनों, सेवा प्रदाताओं, सरकारी संगठनों आदि के सदस्यों के साथ क्वांटम प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय कार्य समूह (एनडब्ल्यूजी-क्यूटी) का भी गठन किया है।

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# सोने में तेजी , चांदी की कीमतों में नरमी

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आये बदलाव के बीच ही घरेलू वायदा बाजार में शुक्रवार को सोने में तेजी आई है जबकि चांदी की कीमतों में नरमी रही है। आज सुबह सोने के भाव 96,000 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,450 रुपये के करीब कारोबार हैं।



सोना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार मार्केट में 3,509.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया जबकि, घरेलू बाजार में सोना 99,358 रुपये प्रति दस ग्राम के स्तर पर रहा। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध शुक्रवार को 77 रुपये की तेजी के साथ 95,999 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 95,912 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 104 रुपये बढ़कर 96,016 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 96,239 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 95,954 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव मंगलवार को 99,358 रुपये के भाव पर पहुंचा था। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई अनुबंध शुक्रवार को 16 रुपये की कमी साथ 97,495 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,511 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 44 रुपये नीचे आकर 97,467 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,542 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,409 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। चांदी के वायदा भाव इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। कामेक्स पर सोना 3,362 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,348.60 डॉलर प्रति औंस था। एक समय यह 9.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,357 .70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव 3,509.90 डॉलर के भाव पर अपने उच्च स्तर पर पहुंचे। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.55 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.50 डॉलर था।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 85.38 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया 85.17 पर खुला पर कुछ देर बाद ही ये नीचे आने लगा। गत दिवस रुपया 85.30 पर बंद हुआ था। अंतरबैंक गत दिवस विदेशी विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 85.67 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने हाल के निचले स्तर 97.92 से बढ़कर 99.94 पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.60 पर खुला और बाद में 85.67 पर आ गया। यह पिछले बंद भाव 85.45 रुपये के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.45 पर बंद हुआ था।

# सेंसेक्स 589 , निफ्टी 207 अंक गिरा , निवेशकों को 11 लाख करोड़ का नुकसान

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनावों के कारण भी निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे भी बाजार पर दबाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 588.90 करीब 0.74 फीसदी नीचे आकर 79,212.53 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी अंत में 207.35 अंक तकरीबन 0.86 फीसदी नीचे आकर 24,039.35 पर बंद हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार इस गिरावट का कारण एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और एलएंडटी जैसे दिग्गज शेयरों में मुनाफावसूली हावी रहना है। भारत पाक के बीच तनाव बढ़ने से भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है। इससे विदेशी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से निवेशकों को 11 लाख करोड़ रुपये




का नुकसान हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटकर 419,65,902 करोड़ रुपये पर आ गया। जबकि गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद यह 43,042,123 करोड़ रुपये था। इस तरह कंपनियों को 10,50,393 करोड़ रुपये की चपत लगी है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की बढ़त पर खुला पर इसके कुछ समय बाद ही इसके गिरावट आने लगी। आज सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स भी 700 से ज्यादा नीचे आया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई खुलने के बाद 1 फीसदी गिरा। वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सेंसेक्स आज हल्की बढ़त के साथ ही 79,830.15 पर खुला। खुलने के कुछ देर तक यह हरे निशान में रहा और फिर लाल निशान में आ गया । सेंसेक्स सुबह 666.84 अंक या 0.84 फीसदी की गिरावट लेकर 79,134.59 पर था जबकि निफ़्टी-50 भी हल्की बढ़त में खुला। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा जाये तो एशियाई शेयर बाजारों में बढ़त देखी गई। वॉल स्ट्रीट पर तेजी से एशियाई बाजारों में बढ़त रही। ब्याज दरों में अपेक्षाकृत जल्द कटौती की उम्मीदें बढ़ने से अमेरिकी बाजारों में तेजी आई। इस बीच, दक्षिण कोरिया के शेयरों में तेजी आई है।

माना जा रहा है कि अमेरिका अगले सप्ताह तक व्यापार समझौता कर सकता है। जापान का निक्केई 1.23 फीसदी ऊपर था, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.63 फीसदी नीचे था। एसएंडपी 500 इंडेक्स में 2.03 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में क्रमशः 2.74 फीसदी और 1.23 फीसदी की वृद्धि हुई।

## व्यापारिक संगठन ने प्रतिष्ठान बंद रख जैसे को तैसा जवाब देने की मांग भारत सरकार से की



**इन्दौर।** पहलगाम घटना के विरोध में राजेंद्र नगर व्यापारी संगठन द्वारा स्वेच्छा से आधे दिन व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे। इस दौरान व्यापारियों द्वारा राजेंद्र नगर चौराहे पर एकत्रित हो आतंकवाद व पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए गए। सभी ने एक स्वर में जैसे को तैसा जवाब देने की मांग भारत सरकार से की। संगठन के अध्यक्ष राजेश तेजावत, आनंद चावरे, वीणा वर्मा, अतुल मिश्रा, माधव पिंगले, यशवंत धामोरे, चिंतन चौधरी, सुधाकर दुबे आदि उपस्थित थे।

## सुन्नी अइम्मा कौंसिल ने की आतंकी हमले की कड़ी निंदा

**इंदौर।** मुस्लिम समाज भी आतंकी हमले के खिलाफ सड़कों पर उतरा। सुन्नी अइम्मा कौंसिल की ओर से पहलगाम (कश्मीर) में हुए आतंकी हमले का कड़ा विरोध किया गया । कौंसिल जो कि इंदौर शहर की मस्जिदों के इमामों का एक प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संगठन है, पहलगाम (कश्मीर) में हुए इस कायराना आतंकी हमले की घोर निंदा करती है। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि देश की एकता एवं शांति पर भी एक गंभीर प्रहार है। परिषद के प्रवक्ता ने कहा- ÷हमें अत्यंत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि पहलगाम जैसे शांत और सुंदर स्थल को आतंक और नफरत का निशाना बनाया गया है। इस हृदय विदारक घटना से हम गहरे शोक में हैं और शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।÷सुन्नी अम्मा कौंसिल भारत सरकार से यह मांग करती है कि इस नृशंस कृत्य को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए, तथा कश्मीर में शांति एवं भाईचारे को बनाए रखने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।परिषद के सभी इमामों एवं पदाधिकारियों ने यह भी घोषणा की है कि जुमे के खुतबे में इस घटना की निंदा की जाएगी। साथ शहीदों के लिए दुआएं की जाएंगी। सुन्नी अइम्मा कौंसिल देशवासियों एवं सभी धर्मों के लोगों से अपील करती है कि वे एकजुट होकर आतंक एवं नफरत के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद करें और शांति, सौहार्द एवं एकता का संदेश फैलाएं।

## आक्रोश प्रदर्शन किया गया



जम्मू कश्मीर पहलगाम में हुए पर्यटकों के ऊपर आतंकी हमले के विरोध में रीगल चौराहा स्थित विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा बच्चे शामिल हुए। पाकिस्तान मुर्दाबाद, याचना नहीं अब रण होगा संघर्ष महा भीषण होगा, भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे। सभी हाथों में तखत्तिया लिए हुए प्रदर्शन कर रहे थे। हिंदू संघर्ष समिति के बैनर तले यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक हर्ष शर्मा, मनोज पंवार ने अंत में सभी का आभार मान के कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

## शोक परामर्श पर कार्यशाला



**इंदौर** आईपीएस अकादमी के वेलनेस सेंटर की प्रमुख वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. तापी रॉय यादवने इंस्टीट्यूट ऑफ हेड एंड नेक ऑन्कोलॉजी के साइको-ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा ÷शोक परामर्श÷ पर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों के छात्र एवं प्राध्यापको संबोधित किया। कार्यशाला का उद्देश्य भावी परामर्शदाताओं को इस तरह से तैयार करना था कि वे दुःख के तनाव से निपट सकें और दूसरों को उनके दुःख को दूर करने में मदद कर सकें। कार्यशाला में भावनाओं को नियंत्रित करने के तरीके तथा इस प्रक्रिया में दस्तावेजीकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर सक्रिय मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## कुमारी दिव्यांशी ठाकुर नेशनल साइंस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल से अलंकृत



**इंदौर।** लाड़ली कुमारी दिव्यांशी (पीहू) ठाकुर को नेशनल साइंस ओलंपियाड में इस वर्ष का गोल्ड मेडल अलंकरण निर्णायक मंडल द्वारा प्रदान किया गया। पेरेंट्स रविन्द्र-पूजा ठाकुर, दादादादी नंदकिशोर-कुसुम ठाकुर, बड़े पापा, बड़ी मम्मी राजेन्द्र-अर्चना ठाकुर, नानानानी मदन-जयश्री वर्मा (कवि एवं लेखक) व नेहा-भानू सहित पूरे परिवार ने बधाई, शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया।

## बालवाटिका में फन विथ क्राफ्ट का आयोजन




**इंदौर** सिका स्कूल, स्कीम नं. 78 के बालवाटिका ने बच्चों के लिए क्राफ्ट के साथ मस्ती वाली गतिविधि का आयोजन किया। यह गतिविधि बच्चों की स्पर्श, दृष्टि की भावना को सक्रिय करती है और उनके मोटर कौशल और हाथ -आँख के समन्वय को विकसित करने में मदद करती है। शिक्षकों ने क्राफ्ट पेपर के साथ अलग-अलग रोचक चीजें सिखाई। इस दिन सिका 78, के प्रिंसिपल डॉ. जी.एस. पटेल सर उपस्थिति रहे। हेडमिस्ट्रेस स्वाति जैन ने कहा कि यह गतिविधि बच्चों की रचनात्मकता, कल्पना को तलाशने के लिए प्रोत्साहित करती है।






# इंदौर सीए ब्रांच ओर टैक्स प्रैक्टिशनरस एसोसिएशन द्वारा सेमिनार का आयोजन

**इंदौर। कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सीनियर अधिवक्ता सुमित नेमा ने जानकारी देते हुए बताया कि , धारा 69 के तहत धारा 132 में दिए गए कानून के विभिन्न उल्लंघनों पर करदाता की गिरफ्तारी हो सकती है।**

जीएसटी में मुख्यतया कर की चोरी के उदेश्श्य से बिना बिल के माल या सेवा देना या बिना वास्तविक सप्लाई के केवल बिल जारी कर इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित कर देना या किसी करदाता द्वारा बिना वास्तविक सप्लाई के क्रेडिट ले लेने अथवा गलत रिफंड ले लेने पर कर की राशि 5 करोड़ से अधिक होने पर बिना वारंट के गिरफ़्तारी हो सकती है ! इसके साथ ही करदाता द्वारा टैक्स की राशि वसूल करके तीन माह के भीतर सरकार को जमा नहीं कराने पर भी ये प्रावधान लागू हो सकते है !

उन्होंने यह भी बताया कि गलत ढंग से क्रेडिट लेने या देने पर अथवा टैक्स वसूल करके जमा नहीं करना या रिफंड गलत ढंग से लेने पर भी बिना किसी वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है एवं उपरोक्त सभी अपराध नॉन बेलेबल अपराधों की श्रेणी में आते है ! इस प्रकार से गिरफ़्तारी पर करदाता को किस अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है वह बताना आवश्यक है एवं 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किये गए व्यक्ति को मेजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होता है ! अधिकतम 15 दिन के लिए कस्टडी मांगी जा सकती है। इस प्रकार के अपराध के लिए अधिकतम 5 साल की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है ! बिना कमिश्नर की आज्ञा के गिरफ्तारी नहीं हो सकती ! उन्होंने बताया कि 2 करोड़ से अधिक परन्तु 5 करोड़ तक के मामले बेलेबल होते है एवं इनमें गिरफ्तारी के लिए अरेस्ट वारंट जरूरी होता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राधिका अग्रवाल बनाम यूनियन ऑफ़ इंडिया के केस में दिए गए निर्णय की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि करदाता चाहे तो अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है। सीए कृष्ण गर्ग ने कहा कि कोई भी गिरफ्तारी की कार्यवाही तभी की जा सकती है जबकि विभाग के पास ऐसा करने के लिए समुचित कारण हो ! गिरफ़्तारी की कार्यवाही के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होगा। एक बार किसी अपराध में पकड़े जाने पर किसी अपराध को करने जाने पर अधिकतम 5 साल के लिए सजा हो सकती है। गिरफ्तारी के पश्चात् व्यक्ति को अपनी पसंद के वकील के माध्यम से कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखने का अधिकार है ! टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी ए जेपी सर्राफ ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीएसटी के अंतर्गत जांच का दायरा बहुत बढ़ गया है ! गलती होने पर विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए अब व्यापारियों को बहुत सोच समझकर व्यापार करना चाहिए ! कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी ! कार्यक्रम में विजय बंसल,सुनील जी खंडेलवाल, एस एन गोयल, आर एस गोयल, नवीन खंडेलवाल, अरविंद चावला, पंकज सेठी एवं बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट, एडवोकेट एवं कर सलाहकार मौजूद थे ! आभार प्रदर्शन नीलेंदु दवे ने किया।

## कश्मीर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**इंदौर ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में नित पवित्रम सेवा संस्था के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर नितिन दास जी महाराज ने गुरुवार शाम हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने इस हमले को एक कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी घोर निंदा की। महाराज जी ने कहा कि इस हमले से पूरे देश में आक्रोश है और हर भारतवासी आंतरिक रूप से व्यथित है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत सरकार इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों और उनके सरपरस्तों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने सनातन धर्म के अनुयायियों से एकजुट होकर राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए संगठित होने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि जब हम एक स्वर में खड़े होते हैं, तब कोई भी शक्ति हमारे संस्कार, संस्कृति और सुरक्षा को नहीं डिगा सकती।

## आईसीआईसीआई बैंक ने इंदौर में तीन नई शाखाओं का उद्घाटन किया




**इंदौर** आईसीआईसीआई बैंक ने इंदौर में तीन नई शाखाएं स्थापित की हैं, जो पलसिकर कॉलोनी, निपानिया और लोहा मंडी में स्थित हैं। प्रत्येक शाखा में एटीएम की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है। इन नई शाखाओं के साथ, अब इंदौर में आईसीआईसीआई बैंक की कुल

शाखाओं की संख्या 47 हो गई है।

इन शाखाओं में बचत और चालू खाता, सावधि जमा और आवर्ती जमा जैसे खातों के साथ-साथ गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण, स्वर्ण ऋण, व्यवसाय ऋण और शिक्षा ऋण जैसी ऋण सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, इन शाखाओं में रेमिटेंस, कार्ड सेवाएं और लॉकर सुविधा भी प्रदान की जाती है।

इन शाखाओं का संचालन सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पाँचवे शनिवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया जाता है।

## 12 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवाया गया



अदभुत कम्युनिटी द्वारा संचालित प्रसादम रसोई भोजन

**इंदौर**वितरण सेवा ने कोरोना काल में शुरू होकर अब तक 12 लाख से अधिक लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध करवाया है। यह सेवा पी सी सेठी हॉस्पिटल, अरबिंदो हॉस्पिटल एवं लक्ष्मीबाई मंडी बस्ती में नियमित रूप से प्रदान की जा रही है।प्रतिदिन 400 से अधिक लोगों को निशुल्क भोजन वितरित किया जाता है। भोजन न्यूट्रिशन की देखरेख में शुद्धता के साथ तैयार किया जाता है, जो पूर्णतया शाकाहारी होता है।

संस्था के सदस्य गर्भवती महिलाओं और मरीजों की विशेष आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए उनकी रुचि के अनुसार भोजन भी तैयार करते हैं।अदभुत कम्युनिटी एक परिवार की तरह कार्य करती है, जिसमें 200 से अधिक सदस्य हैं।- संस्था के सदस्य जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, परिजनों की स्मृति आदि में भोजन व्यवस्था में सहयोग करते हैं।अदभुत कम्युनिटी के संस्थापक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि संस्था के सदस्य अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज के लिए कुछ करने का प्रयास करते हैं।

## सुन्नी अइम्मा कौंसिल की ओर से पहलगाम आतंकी हमले का कड़ा विरोध

सुन्नी अइम्मा कौंसिल, जो कि इंदौर शहर की मस्जिदों के इमामों का एक प्रतिष्ठित धार्मिक एवं सामाजिक संगठन है, पहलगाम (कश्मीर) में हुए इस कायराना आतंकी हमले की घोर निंदा करती है। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि देश की एकता एवं शांति पर भी एक गंभीर प्रहार है।मुफ्तिये शहर मुफ्ती सय्यद साबिर अली सेक्रेट्रीः सुन्नी अइम्मा कौंसिल, इन्दौरने कहा- ÷हमें अत्यंत दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि पहलगाम जैसे शांत और सुंदर स्थल को आतंक और नफरत का निशाना बनाया गया है। इस हृदय विदारक घटना से हम गहरे शोक में हैं और शहीदों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।÷सुन्नी अइम्मा कौंसिल भारत सरकार से यह मांग करती है कि इस नृशंस कृत्य को अंजाम देने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए, तथा कश्मीर में शांति एवं भाईचारे को बनाए रखने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।



## हज कमेटी के तरबियत कैम्प में हजयात्रियों को सिखाये हज के अरकान

**इंदौर।** जिला भर के महिला,पुरुष हजयात्रियों को हज की अहम जानकारी दी गयी। सैकड़ों हज यात्रियों को बताया गया कि सही ढंग से हज कैसे करें। एमआर 9 रोड स्थित महक वाटिका में इंदौर जिला से जाने वाले हाजियों के लिए हज तरबियत कैम्प लगा। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष राशिद शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश राज्य व जिला हज कमेटी के बेनर तले ये हज तरबियत कैम्प में मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।बड़ी तादाद में हजयात्री शामिल हुए। पहलगाम में आतंकी हमले के मृतकों को दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। तरबियत कैम्प में हज ट्रेनर मोहम्मद रिज़वान रज़वी साहब और हाजी अशफाक लोदी साबरी साहब ने हज से जुड़ी तमाम छोटी बड़ी जानकारी व प्रशिक्षण दिया। हज के दौरान किए जाने वाले हज के अरकान जैसे तवाफ करना, सफा एवं मरवाह के चक्कर लगाना, शैतान को कंकरी मारना, एहराम बांधना आदि का प्रैक्टिकल करके बारीकी से समझाया। हज के दौरान पढ़ी जाने वाली नमाज़ और दुआएं भी सिखाई गई। तरबियत कैम्प का संचालन राशिद शेख ने किया।तरबियत कैम्प में प्रमुख रूप से प्रभारी हाजी सद्दाम पठान, बबलू ख़ान ,जिला हज कमेटी के सचिव हाजी अमान मेमन, उपाध्यक्ष रेहान अंसारी, सूफी आरिफ, मोहम्मद हुसैन, भैय्यु शेख़, ऊबेद खान,अफसान पठान, अबरार अहमद ,अनस शाह, नवेद क़ुरैशी, जावेद खान ,शानु खान ,शादाब शेख़ ,अनवर सैलानी ने शिरकत की। देश की खुशहाली की दुआ के साथ तरबियत कैम्प का समापन हुआ।

## वलसाड - खातीपुरा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तामरित

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान अतिरिक्तक यात्रियों को समायोजित करने

के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर चलाई जा रही वलसाड - खातीपुरा

(साप्ताहिक) स्पेशल के फेरे पुनः विस्ताररित की जा रही है। विस्ताटरित फेरों का विवरण निम्नारनुसार है।

ट्रेन संख्याप 09007/09008 वलसाड - खातीपुरा (साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या। 09007 वलसाड-खातीपुरा स्पेशल को 22 मई, 2025 तक विस्तप्रित

किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्यात 09008 खातीपुरा- वलसाड स्पेशल को 23

मई, 2025 तक विस्ताररित किया गया है।

## श्री गुजराती समाज ने पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**इंदौर.**श्री गुजराती समाज द्वारा पहलगाम (कश्मीर) हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष दीपकभाई जे. सोनी ने इस हरकत को कायराना बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उपाध्यक्ष गोविन्दभाई पटेल व मानद कोषाध्यक्ष दीपकभाई मोदी ने सरकार से ऐसे मामलों में कोई भी नरमी नहीं बरतने की अपील की। सभा में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मानद महामंत्री पंकजभाई संघवी, मानद हिसाबनीस भरतभाई बाविशी सहित पदाधिकारीगण अमितभाई दवे, अतुलभाई शेठ, नवनीतभाई पटेल, नरेन्द्रभाई वी. पटेल, राजेन्द्रभाई पटेल, पूर्व अध्यक्ष मनोजभाई परीख व नरेन्द्रभाई जी. पटेल, नसिया रोड और महारानी रोड की विभिन्न संस्थाओं के चेयरमेन, प्राचार्य एवं शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल निरीक्षण



**आगर-मालवा,** जिला शिक्षा अधिकारी आरसी खंदार ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया । डीईओ ने शासकीय हाई स्कूल पालड़ा, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कानड़ का निरीक्षण कर स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन आदि जानकारी ली। स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था शासन के निर्देशानुसार व्यवस्थित पाई गई। स्कूल में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान अंतर्गत जल बचाओ पेड़ बचाओ पर चित्रकला विद्यार्थियों द्वारा दी गई। डीईओ द्वारा इस विषय पर कलश यात्रा आयोजन करने के निर्देश भी दिए गए।

## उप पुलिस अधीक्षक राजिन्दर सिंह वर्मा को ''अतिउत्कृष्ट सेवा पदक''



इंदौर। मध्यप्रदेश पुलिस के उप पुलिस अधीक्षक श्री राजिन्दर सिंह वर्मा को वर्ष 2024 के लिए केन्द्री य गृह मंत्रालय, भारत सरकार का ''अतिउत्कृष्ट सेवा पदक'' प्रदाय करने की घोषणा की गई। वर्तमान में पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कू ल इंदौर बतौर उप पुलिस अधीक्षक बाह्य प्रशिक्षण मुख्यांलय के पद पर कार्यरत है श्री वर्मा पुलिस विभाग में 28 वर्षो से कार्यरत है।

अपने कार्यकाल के दौरान रेडियो झोन इन्दौर के समस्त 14 जिलो व नर्मदा डूब क्षेत्र, पुर्नवास क्षेत्रों में संचार व्यवस्था एवं रख रखाव सुदृढ़ रखने में अथक प्रयास किये। वर्ष 2016 में सिहंस्थ दत्त अखाडा में उज्जैन के जोनल प्रभारी के रूप में उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों के बीच संचार का प्रबंधन में समन्वय स्थापित किया इसके लिए उन्हें ''सिंहस्थ ज्योति मेडल दिया गया। वर्ष 2018 में बालाघाट नक्सल प्रभावित रेन्ज में डीएसपी रेडियो रेंज के रूप में तैनात किया गया था जहां उन्होंने पूरे नक्सल रेन्ज के संचार और प्रबंधन को बनाए रखने के लिये उल्लेखनीय कार्य किया। रेडियो रेंज खरगोन के समस्त जिलों में पुलिस और प्रशासन के संचार का रखरखाव, प्रबंधन, सीसीटीवी और डायल 100 जैसी महत्वपूर्ण योजना को बेहतर तरीके से स्थापित करने में सहयोग प्रदान किया। वर्ष 2019-20 में करोना वायरस महामारी के कोविड-19 दौरान उन्होंने तालाबंदी व संगरोध केंद्र का लगातार कानून व्यावस्थार को बनाये रखने का कार्य किया।

## वैष्णव सम्प्रदाय के जगतगुरु वल्लभाचार्य के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा का स्वागत



इंदौर। वैष्णव सम्प्रदाय के जगतगुरु वल्लभाचार्य के प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में गोवर्धननाथ मंदिर से शुरू हो कर निकाली शोभायात्रा का संस्था श्री माहेश्वरी वैष्णव मित्र मंडल ने गौराकुंड चौराहे पर भव्य स्वागत किया।

यह जानकारी देते हुए संस्था के ललित बाहेती ने बताया कि इस अवसर पर रामस्वरूप धुत, सुरेश मुंदड़ा, राजेंद्र असावा, जयकिशन डागा, मुकेश असावा, सत्यनारायण भूतड़ा, नटवर परतानी, कृष्णा गोपाल राठी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

संस्था द्वारा मुख्य पुजारी जी का श्रीफल शाल अर्पण कर आशीर्वाद लिया और भगवान की आरती उतारी गई और शोभा यात्रा में शामिल समाजजनों को प्रसाद स्वरूप मिठाई वितरण की गई।

## सरोकार साझा मंच का मासिक आयोजन संपन्न



इंदौर। सरोकार साझा मंच का मासिक आयोजन आशा मुंशी व करुणा प्रजापति की मेजबानी में अभिनव कैफे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ संयोजक महिमा शुक्ला द्वारा कराये गये गेम से हुआ।

दादी -नानी से सुनी-भूली बिसरी कहानियाँ और आज उनकी भूमिका पर संगीता चौहान, कविता मेहता, महिमा शुक्ला, गरिमा श्रीवास्तव, निरुपमा त्रिवेदी, हेमा रावत, मृदुला शर्मा, निरुपमा नागर, आशा मुंशी, करुणा प्रजापति और काजल मजूमदार ने अनोखे अंदाज में मजेदार कहानियाँ सुनाकर चर्चा की। महिलाओं का आत्मविश्वास से चुनौतियों का सामना विषय पर स्वयं अपनी साहसिक जीवन यात्रा विषय पर वंदना शर्मा, निर्मला बागोरा, सुरभि शुक्ला, निरुपमा त्रिवेदी, स्वाति प्रजापति ने अपनी जीवन यात्रा विभिन्न विधाओं में प्रस्तुत की । कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान वन मिनट माइंड गेम भी रखे गये। महिमा शुक्ला ने आभार माना।

# मुंबई बॉलीवुड की 51 मैगजीन में शनि साधक डॉ. दादू महाराज की ख्याति गूंजी

### शक्तिमान भारत अवार्ड से दादू महाराज सम्मानित

इंदौर। मध्यप्रदेश के मालवा प्रांत की देश की सबसे स्वच्छ अहिल्यानगरी इंदौर में प्रसिद्ध शनि साधक, महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज की आध्यात्मिक आलौकिक ज्योति पुंज पूरे देश में देदीप्यमान हो रही है। नवाचार के लिए नामचीन इंदौर का नाम और भी जब चमक उठता है, तब श्रद्धेय दादू महाराज देश की वाणिज्यिक नगरी मुंबई से प्रकाशित 51 मैगजीन की हेडलाइन बने।

ये मैगजीन हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में पठनीय हैं। साथ ही धर्म के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए होटल सहारा स्टार मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता शक्ति कपूर, डॉ.नेविल, डॉ विजय बजाज,प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक केवल कुमार के हस्ते शक्तिमान भारत अवार्ड से डॉ. दादू महाराज को सम्मानित किया गया।

इंदौर के गौरव, लोकमाता देवी अहिल्या होलकर को आदर्श रानी मातृशक्ति की प्रतीक स्वरूप व्याख्या कर ऐतिहासिक स्मरण की संस्तुति प्रकट करने में सिद्धहस्त डॉ. दादू महाराज सबके कष्ट निवारण में अग्रसर रहते हैं। नवाचार के लिए नामचीन इंदौर का नाम और भी जब चमक उठता है, तब श्रद्धेय दादू महाराज देश की वाणिज्यिक नगरी मुंबई से प्रकाशित 51 मैगजीन की हेडलाइन बने। ये मैगजीन हिंदी, अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में पठनीय हैं। मैगजीन में आपके जीवन वृत्तांत से लेकर जनकल्याण के कार्य, उल्लेखनीय उपलब्धियां और रचनात्मक, सांस्कृतिक, रचनात्मक कार्यों को समावेश कर जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया है। निश्चित ही इससे इंदौर तो गौरवान्वित हुआ, साथ ही आपसे जुड़े शिष्यों, गजासीन शनिधाम के भक्तजनों में भी उत्साह वर्धन दिखाई दिया है।



सरल, सहज संत- महामंडलेश्वर 1008 श्री दादू महाराज संस्थापक- गजासीन शनि धाम की ख्याति देश ही नहीं विश्व पटल पर भी चर्चित हो गई है। दृढ़ निश्चयी, सदाचारी और हंसमुख व्यक्तित्व वाले डॉ. दादू महाराज ऐसे संत हैं, जिनसे पहली मुलाकात में ही अद्भुत सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उनका सौम्य चेहरा और मृदु मुस्कान दिल में बस जाती है। उनसे बार-बार मिलने और संवाद करने की इच्छा मन में उठती है।

फिल्मी हस्तियों के आध्यात्मिक गुरु के रूप में पूज्य दादू महाराज का जन्मोत्सव हर साल 17 जनवरी को मायानगरी मुंबई में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस भव्य आयोजन में देश भर से कई नामचीन हस्तियां और भक्त शामिल होते हैं। प्रत्येक शनिवार को सुबह से रात तक इंदौर स्थित गजासीन शनि धाम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

आध्यात्म का केंद्र बिन्दु गजासीन शनिदेव का अभिषेक विभिन्न पवित्र तालाबों और नदियों के जल से किया जाता है। प्रतिदिन रात्रि 8ः30 बजे सामूहिक शनि चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं आरती का भव्य आयोजन किया गया है। हजारों भक्त दादू महाराज से निशुल्क परामर्श प्राप्त कर अपने जीवन की परेशानियों से मुक्ति पाने का मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं।

यहां भक्तगण अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर शनिदेव को तिल व तेल चढ़ाते हैं, दीपक, नारियल चढ़ाते हैं, इच्छापूर्ति स्तम्भ पर रक्षा सूत्र बांधते हैं तथा प्रसाद चढ़ाते हैं।

सिद्धपीठ बन चुके शनिधाम पर धर्म और समाज सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। संत डॉ. दादू महाराज न केवल धर्म के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी हैं।

समय-समय पर वे विभिन्न महायज्ञ, अनुष्ठान और संत समागम का आयोजन करते रहते हैं - शनि शांति महायज्ञ, श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ,श्री गणेश यज्ञ। साथ ही वे अपने शिष्यों को समाज सेवा के लिए भी प्रेरित करते हैं। उनके प्रमुख सेवा कार्यों में शामिल हैं ।

रक्तदान, वस्त्रदान, अन्नदान, नेत्रदान की शपथ के साथ संकल्प सिद्धि पहली प्राथमिकता और जनकल्याण का प्रकल्प है। ग्रीष्म ऋतु में पशु-पक्षियों के लिए जल एवं भोजन की व्यवस्था, हजारों पेड़ (पीपल, नीम, बिल्व आदि) लगाना। नेत्र परीक्षण शिविर, निःशुल्क दवा वितरण, चिकित्सा शिविर, जरूरतमंद छात्रों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण, विधवा विवाह एवं गरीब लड़कियों का विवाह जैसे जन हितैषी कार्य भी गुरुवर की पवित्र विचारधारा है। दादू महाराज को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। देश-विदेश में फैला लाखों शिष्यों का विशाल परिवार उनके मार्गदर्शन में धर्म, सेवा और नैतिकता के मार्ग पर चल रहा है। आप 50 से अधिक संस्थाओं के संरक्षक हैं और कई लोगों ने उनके आशीर्वाद से अपने जीवन में सुखद परिवर्तन का अनुभव किया है। स्वामी जी को मुंबई में लियो मीडिया डिजिटल के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार मॉम डैड गॉड ऑफ यूनिवर्स सीजन 2 के इस अनूठे पुरस्कार के लिए पुरस्कार विजेता और मुख्य अतिथि के रूप में नामित और पुष्टि की गई है।

# देपालपुर में सेन समाज ने मनाई आराध्य श्री सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती - पंचामृत अभिषेक

### आरती व भगवा दुपट्टा से स्वागत कर जन जागरण का दिया संदेश

देपालपुर। सेन समाज के आराध्य, महान संत और कर्मयोग के प्रतीक श्री सेन जी महाराज की 725वीं जयंती के शुभ अवसर पर देपालपुर सेन समाज द्वारा एक भव्य व आध्यात्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। यह दिव्य आयोजन नृसिंह खाकी मंदिर प्रांगण में श्रद्धा, भक्ति और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।



समारोह का शुभारंभ श्री सेन जी महाराज के चित्र व प्रतिमा पर वैदिक विधि-विधान के साथ पंचामृत अभिषेक कर किया गया। पंचामृत से अभिषेक की इस दिव्य प्रक्रिया के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। इसके पश्चात समाजजन द्वारा सामूहिक रूप से आरती की गई, जिसमें भक्ति भाव और समर्पण की अनुपम झलक देखने को मिली। समाज के वरिष्ठजनों, युवा साथियों और बच्चों ने भारी संख्या में अपनी सहभागिता दी। आयोजन में उपस्थित सभी समाजजनों का भगवा दुपट्टा उड़ाकर सम्मान किया गया, जो न केवल स्वागत की परंपरा का प्रतीक था, बल्कि सनातन संस्कृति और समाज की एकता का संदेश भी दे रहा था। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्री सेन जी महाराज के जीवन, उनके कार्यों, समाज सुधार की दिशा में उनके योगदान और आत्मिक जागरण की प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला। उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा कर युवाओं को समाज सेवा, आत्मबल और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ने का संदेश दिया गया। समाज को एकजुट करने, आत्म गौरव को जागृत करने एवं आने वाली पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से अवगत कराने के उद्देश्य से यह आयोजन जनजागरण का माध्यम बन गया। समापन के पूर्व सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी ने एकजुट होकर श्री सेन जी महाराज के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## मेघदूत फिटनेस क्लब ने श्रद्धांजली दी



इंदौर। मेघदूत फिटनेस क्लब के सभी सदस्यों और मेघदूत गार्डन के प्रात:भ्रमन करने वाले सभी आयुवर्ग के गणमान्य साथियों ने आज सुबह 2 मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि प्रदान की और सभी ने एक सुर में कहा कि पहलगांव आतंकी हमला न केवल निर्दोष लोगों की जान लेने वाला है, बल्कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता के प्रयासों को कमजोर कर सकता है ।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमें एकजुट रहने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए काम करने की आवश्यकता है। मेघदूत फिटनेज़ क्लब के कोऑर्डिनेटर महेश रसाल ने कहा कि हम ऐसे हमले की निंदा करते हैं जिसने हमारे समाज को झकझोर कर रख दिया है। हमें अपने समाज को मजबूत बनाने और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। हम पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करते हैं और उन्हें न्याय दिलाने के लिए काम करने का वादा करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयासों से हम आतंकवाद को जड़ से खत्म कर पाएंगे और हमारे समाज को शांति और स्थिरता प्रदान कर पाएंगे।

## नौशाद और एस.डी.बर्मन के गीतों से सजी एक शाम

इंदौर। सूर्य नारायण व्यास संकुल हॉल में स्वरांजली गीतों की द्वारा नौशाद और एस डी बर्मन के गीतों में सजी एक शाम का आयोजन किया गया हैं। संस्था अध्यक्ष श्री राजेश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कलावती यादव अध्यक्ष नगर निगम उज्जैन और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री संजय अग्रवाल नगर भाजपा अध्यक्ष करेंगे।। कार्यक्रम का संचालन नितिन पोल और वर्षा कमलाकर के साथ मंगेश जोशी करेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका ममता शर्मा और सुप्रिया बोथरा हैं। इस अवसर पर संस्था के राजेश जोशी, राधा मेहता,डॉ नमिता शिर्के, लखन जागीरदार, अनिता जोशी, वंदना दुबे, देवेन्द्र दुबे, अनुपमा दुबे, माधुरी मेहता, विकास सहस्त्रबुद्धे, बी एस कुलकर्णी, भारती कुलकर्णी, ख्वाहिश दुबे, अमल कुमार बिडवई, प्रियंका पांडे, मंगेश जोशी, माधवी जोशी, संजय गंधें, राजेश सोहनी, प्रेरणा सोहनी मधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## नेक्सस इंदौर सेंट्रल और ट्रैज़र आइलैंड मॉल लेकर आए हैं - 'वेकेशन नेशन'

इंदौर। नेक्सस ट्रैज़र आइलैंड और इंदौर सेंट्रल मॉल 11 अप्रैल से 11 मई तक चलने वाला एक खास यात्रा-थीम उत्सव 'वेकेशन नेशन' लेकर आए हैं जो खरीदारों को यात्रा के रोमांच से रूबरू कराएगा।

यह ट्रैवल फैस्ट शॉपिंग और मनोरंजन का अनूठा अनुभव प्रदान करता है, जिसमें लक्ज़री सामान, डिज़ाइनर सनग्लासेस, स्टाइलिश फैशन, सौंदर्य उत्पाद और इनोवेटिव ट्रैवल गैजेट जैसी यात्रा की आवश्यक चीजें शामिल हैं। मॉल में आने



वाले आगंतुक फूड फैस्टिवल में दुनिया के प्रामाणिक व्यंजनों का लुत्फ भी ले सकते हैं। इसके अलावा यहां उनके लिए फोटोग्राफी की मास्टरक्लास, ऑगमेंटिड रियलिटी ऐडवेंचर और पर्यटन एक्सपो जैसे इंट्रैक्टिव अनुभव भी उपलब्ध रहेंगे।

खरीदारी को और अधिक रोमांचक बनाने के लिए ग्राहक शॉप एंड विन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं जिनमें भाग्यशाली विजेता यात्रा-थीम वाले पुरस्कार और विशेष मेगा पुरस्कार जीत सकते हैं।

# इमोशनल होमवर्क पर डॉ विनी झारिया ने जानकारी दी

### गर्मी की छुट्टियों का होमवर्क बाद में, पहले करें इमोशनल होमवर्क

इंदौर। गर्मियों की छुट्टियाँ आते ही बच्चों की दुनिया एकदम बदल जाती है। न स्कूल, न होमवर्क का दबाव, न सुबह की जल्दी – ये समय मस्ती का होता है। इस इमोशनल होमवर्क विषय पर क्रिएट स्टोरीज एनजीओ के अवेयरनेस कार्यक्रम में चाइल्ड एंड क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. विनी झारिया ने ऊर्जस्विनी स्पेशल स्कूल में पेरेंट्स और बच्चों से चर्चा की ।

डॉ विनी झारिया ने बताया गर्मी की छुट्टियाँ सिर्फ घुमने-फिरने का समय नहीं हैं। ये बच्चों के भावनात्मक विकास का सुनहरा अवसर हैं। जब रूटीन हटता है और बच्चे अकेले समय बिताने लगते हैं, तो उनके मन की बातें और भावनाएं धीरे-धीरे सतह पर आने लगती हैं। कई बार वो चुप हो जाते हैं, चिड़चिड़े हो जाते हैं या बेवजह गुस्सा करते हैं – और खुद भी नहीं समझ पाते कि उन्हें ऐसा क्यों लग रहा है। इसलिए एक बात याद रखें कि छुट्टियों के होमवर्क से पहले, बच्चों का इमोशनल होमवर्क ज़रूरी है। इमोशनल होमवर्क क्या होता है? ये वो अभ्यास हैं जो बच्चे को अपनी भावनाओं को समझने, व्यक्त करने और संभालने में मदद करते हैं ।



#### कुछ बिंदुओं पर ध्यान दें

क्या महसूस हो रहा है, इसे पहचानना ।

अपनी बात बिना डरे कहना ।

अकेले समय को सकारात्मक रूप से बिताना ।

दूसरों के नजरिए को समझना।

गलती या हार को संभालना सीखना ।

#### पेरेंट्स के लिए

माता-पिता के लिए 5 आसान इमोशनल होमवर्क आइडियाज़ः

हर दिन 5 मिनट की मन की बात करें

पूछेंः आज सबसे अच्छा क्या लगा? कोई बात जो समझ नहीं आई? बच्चों को खुलकर बोलने की जगह दें – बिना टोके, बिना जज किए।

घर में शांत कोना बनाएं- एक छोटा सा कोना जहां बच्चा अकेले बैठ सके – कलरिंग करे, गाना सुने या बस आराम करे। ये स्पेस उसे खुद को संभालने में मदद करेगी

कहानियों और फिल्मों का इस्तेमाल करें भावनाएं सिखाने के लिए एवं फिल्म के बाद पूछेंः उसे ऐसा क्यों लगा होगा?÷ इससे बच्चे में सहानुभूति और समझदारी बढ़ती है।

सिर्फ रिजल्ट नहीं, प्रयास की तारीफ करें

## जल गंगा अभियान के तहत दीवार लेखन तथा जल पात्रों की सफाई की गई




**रतलाम।** जल गंगा अभियान के तहत अमरपुराखुर्द प्रस्फुटन ग्राम में समिति अध्यक्ष सोहनलाल द्वारा ग्राम में दीवार लेखन कार्य के साथ जल पात्रों की सफाई का कार्य किया गया। जिला समन्वयक के प्रवास के दौरान समिति के कार्यों का निरीक्षण कर ग्राम में खाटला बैठक के माध्यम से ग्राम में स्थित कुओं, बावड़ी, नदियों की सफाई की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरुक किया गया।

## खाद्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किए गए

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत सही भोजन स्वस्थ जीवन के प्रति आमजन को जागरूक करने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को समझाइश और निर्देश दिया जा रहा है कि स्ट्रीट फूड में फूड कलर,अजीनोमोटो, एसेंस,विनेगर का उपयोग कम मात्रा में किया जाये एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत भी फास्ट फूड,जंक फूड की दुकानों पोलो ग्राउंड चौपाटी, एवं कालका माता परिसर की दुकानों की सघन जांच की जा रही है । 23 व 24 अप्रैल को टू ब्रदर फ़ूड ट्रक से मंचूरियन और पनीर के नमूने, गुजरात ज्यूस सेंटर सैलाना रोड से आम रस, गन्ने का रस, पाइनापल जूस के नमूने, महाकाल ज्यूस सेंटर पावर हाउस रोड से आम रस, पाइनापल तथा गन्ने का रस के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं जो राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। करवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया एवं ज्योति बघेल द्वारा की गई।

## इन प्रतिमाओं में सिर्फ चित्रण नहीं, बल्कि भावना और श्रद्धा भी समाहित है : उप-मुख्यमंत्री



**रतलाम।** शुक्रवार का दिन कला-प्रेमियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण रहा जब मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शहर के सज्जन मिल रोड़ पर स्थित राम मंदिर के सामने सोनी आर्ट गैलरी पर पंहुचे उन्होंने 23 वर्षीय बिरले कलाकार सोनू सोनी द्वारा बनाई गई अदभुत कलाकृतियों का अवलोकन किया और कलाकृतियों की सराहना करते हुए सोनू सोनी द्वारा छोटी सी उम्र में इतनी उम्दा कलाकृतियों को उकेरने के लिए उसको बहुत बहुत बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया। बता दें कि सोनू सोनी ने भगवान की विभिन्न प्रतिमाओं को अपने हाथों से लकड़ी पर उकेरकर एक अनोखी और दिव्य प्रस्तुति देते हैं इनका रतलाम शहर में स्थित शोरूम जिले का अद्वितीय शोरूम हैं। जिसे देखकर उप-मुख्यमंत्री अत्यंत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, इन प्रतिमाओं में सिर्फ चित्रण नहीं, बल्कि भावना और श्रद्धा भी समाहित है। इस कलाकार ने अपने हाथों से इन्हें गढ़कर जन-जन तक भक्ति का संदेश पहुंचाया है। जगदीश देवड़ा ने इस अद्वितीय कला की खुले मन से सराहना करते हुए इसे देश-विदेश तक पहुंचाने की बात कही, जिससे रतलाम की यह सांस्कृतिक धरोहर विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ सकें। यह अवसर न केवल स्थानीय कलाकारों के लिए प्रेरणादायी रहा, बल्कि रतलाम की पावन भूमि पर कला और संस्कृति के इस अद्भुत संगम ने सभी उपस्थित जनों के मन को भी छू लिया।

## उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर मंडल में ब्लॉक के कारण ट्रेन प्रभावित

**रतलाम।** उत्तर पूर्व रेलवे द्वारा गोरखपुर-कुसम्ही-गोरखपुर खंड में तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली 26 अप्रैल, 2025 की ट्रेन संख्या 19037 बान्द्रा टर्मिनस - बरौनी जंक्शन अवध एक्सप्रेस वाया गोरखपुर कैंट, भटनी, छपरा ग्रामीण, मुजफ्फरपुर जाएगी।

## वलसाड - खातीपुरा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

**रतलाम।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर चलाई जा रही वलसाड - खातीपुरा (साप्ताहिक) स्पेशल के फेरे पुनः विस्तारित की जा रही है। विस्तारित फेरों का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 09007 वलसाड-खातीपुरा स्पेशल को 22 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09008 खातीपुरा - वलसाड स्पेशल को 23 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

## श्री भूरिया का एक दिन का वेतन कटोत्रा किया जाना प्रस्तावित

**रतलाम।** जल गंगा अभियान एवं मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक 24 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। समीक्षा बैठक में राज्य शासन द्वारा संचालित महत्वपूर्ण जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रगति नगण्य होने पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत पिपलौदा श्री विकास भूरिया से जानकारी चाही गई परन्तु वे जानकारी अवगत नहीं करा पाए जिससे प्रतीत होता है कि श्री भूरिया द्वारा कार्य के प्रति गंभीर उदासीनता एवं लापरवाही बरती जा रही है। सीईओ जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा उक्त कृत्य के लिए श्री भूरिया का एक दिवस का वेतन कटोत्रा किया जाना प्रस्तावित किया गया।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई

**रतलाम।**

साल 2025 में विश्व मलेरिया दिवस की थीम. जिसका मतलब है कि हमें मलेरिया के खिलाफ अपनी रणनीति को दोबारा सोचने, नए तरीकों को अपनाने और फिर से उत्साह के साथ काम करने की जरूरत है।

### मलेरिया उन्मूलन की दिशा में सशक्त कदम



25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया विभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर रतलाम में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्री आशीष चौरसिया, सहायक मलेरिया अधिकारी श्री नरवेसिंह वसुनिया द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ताओं, मलेरिया विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जिले के सामाजिक सगंठन एवं समितियों के सदस्यों द्वारा कॉलेज रोड के चौराहे पर मानव श्रंखला निर्मित कर मलेरिया से जागरूकता एवं बचाव सबंधी सन्देश प्रसारित किया गया।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया विभाग के कर्मचारियों द्वारा शहरी क्षैत्रों में, होटल एवं प्रमुख रहवासी क्षेत्रों में मलेरिया से बचाव संबंधी पंपलेट वितरण कर मलेरिया से बचने की जानकारी भी दी गई। विभाग द्वारा माइकिंग के माध्यम से लोगों को मलेरिया बीमारी से बचने के उपाय, मलेरिया बीमारी को दूर करने हेतु आपसी सहयोग एवं सामंजस्य स्थापित करने एवं जांच उपचार संबंधी अपील की गई। इस आयोजन में कार्यालय के श्री राजेन्द्र पालीवाल, श्री संदीप विजयवर्गीय, श्री अशोक सिहं पंवार, श्री ओमप्रकाश बावलचा एवं आशा कार्यकर्ता, एण्टीलार्वा टीम एवं मलेरिया विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर भाग लिया गया। श्री अशोक अग्रवाल अध्यक्ष मारवाडी समाज कैंसर केयर ट्रस्ट एवं श्री अशोक मेहता द्वारा माईकिंग कर रैली के दौरान आमजन को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया। अशोक अग्रवाल द्वारा आमजन को मलेरिया बिमारी के प्रति जागरूक रहने एवं समय पर जांच एवं उपचार, बचाव संबंधी जानकारी दी गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गो जैसे- नाहरपुरा चौराहा एवं शहिद चौक होते हुए लोकेन्द्र टॉकिज होते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पर समापन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा संबोधन में विश्व मलेरिया दिवस पर किये जाने वाले कार्य पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित लोगों को मलेरिया बिमारी के प्रति जागरूक रहने एवं समय पर जांच एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। विकासखण्ड से ग्राम स्तर तक विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ जैसे– रैली, एडवोकेसी, स्कूल हेल्थ एक्टिविटी, पम्पलेट वितरण, ग्राम आरोग्य सभा आयोजित की जा रही हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम में भम्रण कर बुखार रोगियों की जांच करना, मच्छरदानी का उपयोग करना, नारे लेखन कार्य और लोगो को मलेरिया के प्रति आई.ई.सी के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। कार्यक्रम के अंत में जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी श्री आशीष चौरसिया द्वारा आभार प्रकट किया गया।

## पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप व अन्य समाज जनों ने श्रद्धांजलि दी

**रतलाम।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मानव मात्र को शर्मसार करने वाली घटना आतंकवादियों द्वारा धर्म के नाम की पहचान कर नरसंहार हत्या की।



उसकी जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप रतलाम मेंन के आह्वान पर अन्य समाज से आए हुए समाज प्रमुखों ने घोर निंदा करते हुए शहीद चौक पर मोमबत्ती जलाकर तथा 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी। इस दुखद अवसर पर श्रद्धांजलि देने वाले जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल सुमन बोहरा,फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी जयवंत कोठारी, प्रवीण लोढ़ा रतलाम ग्रुप सचिव विपिन पूनिया,निलेश पोरवाल, सुनील चपलोद, संजीव कोठारी, संजय मोदी एवं महिला सदस्या श्रीमती नगीना लोढ़ा, श्रीमती शीतल पुंगलिया और श्रीमती मधुबाला कटारिया भी उपस्थित थी। समाज के प्रमुखों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित थे। त्रीस्तुति संघ के सुशील छाजेड़,श्री रत्न पूरी मंडी व्यापारी संघ से रितेश बाफना,दामोदर वंशी जूना गुजराती समाज से राजेंद्र सोलंकी,ममता सोलंकी,सेन समाज से ओमप्रकाश देवड़ा, खटीक समाज से शुभम खींची, जयेश पार्टी से सिद्धार्थ झामर,रवि बारोट,सतीश मुनिया,जागडिया ब्राह्मण समाज से महेश शर्मा,माली समाज से विष्णु जी ,राव समाज और आनंद समाज सभी समाज प्रमुखों के साथ सदस्य बंधु उपस्थित थे। इन सभी समाज जनों ने देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से व देश के गृह मंत्री अमित शाह जी से अनुरोध किया आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दें और भारत में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद सबक सिखाये ताकि भविष्य में भारत की ओर आँख उठाकर कर भी न देख सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत रिचार्जिंग तकनीक के बारे में बताया



**रतलाम।** बाजना विकासखंड की पंचायत के ग्राम हालीवाडा चरपोटा में पेयजल व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणजनों के साथ समूह चर्चा की गई। चर्चा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जिला जल सलाहकार आनंद व्यास ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के शुरू होते ही जल की समस्या निर्मित होने लगती है जल स्त्रोत सूखने लगते है। इस समस्या से निपटने के लिए हमें जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य करने होंगे रिचार्जिंग तकनीक को अपनाना होगा। ग्राम स्तर पर कम लागत की छोटी-छोटी रिचार्ज संरचनाओं को बनाकर भी वर्षा जल को बचाया जा सकता है श्री व्यास ने रिचार्ज शाफ्ट, रिचार्ज पीट, सोक्ता गद्दा, एकवीफर रिचार्ज, बोरी बंधान के बारे बताया कि छोटे बच्चों की भविष्य के लिए हमें जल संरक्षण संवर्धन का कार्य करना होगा एवं इस अभियान को सार्थक बनाना होगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि कैलाश जोडियां ने बताया कि तीसरा विश्व युद्ध पानी के लिए ही लड़ा जाएगा हमें सतर्क होने की जरूरत है पुरानी जल संरचनाओं को भी सुधार कार्य कर उपयोगी बनना होगा पीएचई के उपयंत्री जिग्नेश बामनिया ने बताया कि हैंडपंप, ट्यूबवेल से वर्ष भर जल मिलता रहे, इसके लिए हमें जल संरक्षण के कार्य करने होंगे। इस अवसर पर उपयंत्री विजय मचार, पंच लक्ष्मण चरपोटा, पंच धीरेन्द्र मईडा, नरसिंग भाबर, देवीलाल झोडिया, संतोष भाबर, करण चरपोटा आदि जन उपस्थित थे।

## दी ग्रेन एन्ड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा को दिया ज्ञापन



**रतलाम ।** दी ग्रेन एन्ड सीड्स मर्चेंट्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री ओर वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को रतलाम प्रवास के दौरान अनाज व्यापारियों को जी एस टी विभाग के अधिकारियो द्वारा अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने तथा नोटिस देकर रतलाम, इंदौर, भोपाल, दिल्ली आदि अनेक जगहों पर बुलाने तथा परेशान करने के विरोध मे ज्ञापन दिया गया । अध्यक्ष सुरेंद्र चतर ने बताया की पिछले अनेक वर्षो से हमारे शहर रतलाम जिले की विभिन्न मंडी के व्यापारियों को जी एस टी के अधिकारियो द्वारा बिना कारण सूचना पत्र देकर स्थानीय कार्यालय के अलावा इंदौर, भोपाल, तथा दिल्ली आदि अनेक शहरों मे बुलाया जा रहा है ओर 5-5 वर्ष की जानकारी मांगते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है । जबकि व्यापारियों के कृषि उपज की क्रय विक्रय की समस्त जानकारी आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध होने के बाद भी व्यक्तिगत तोर पर नोटिस के माध्यम से अवैध वसूली की जा रही है । इस कारण व्यापारीगण बहुत परेशान ओर दुखी है, समस्त व्यापारी आपसे मांग करते है की जी एस टी अधिकारियो की मनमानी करने से रोके अन्यथा व्यापारी अपना व्यापार बंद करने के लिए सोचने को मजबूर हो रहा हे । इस अवसर पर अभय सेठिया, मनोज जैन, निलेश बाफना, हेमंत मूनात, आदि उपस्तिथ थे।

### गांव गुराडिया में देवारण्य योजना पर

# स्व सहायता समूहों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**रतलाम।**

राज्य औषधिय पादप बोर्ड के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री राजेश बाथम के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं सॉलिडरिडाड संस्था के द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत आज आलोट विकासखंड के ग्राम गुराडिया में स्व सहायता समूहों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में स्वसहायता समूहों को औषधीय पौधों, विशेषकर तुलसी की खेती को लेकर जागरूक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. आशीष राठौर ने देवारण्य योजना की विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि यह योजना किस प्रकार से ग्रामीणों को आय के नए स्रोत प्रदान कर सकती है।

उद्यानिकी विभाग से शाश्वत चतुर्वेदी ने तुलसी की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी और उनकी खेती की संभावनाओं पर चर्चा की।

कृषि विभाग से अशोक मालवीय ने जैविक खेती के लाभ, तकनीक और तुलसी की जैविक खेती को लेकर विस्तार से समझाया। बीटीएम (आत्मा) प्रदीप पाटीदार ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिससे किसान लाभ ले सकते हैं।

सॉलिडरिडाड संस्था से राहुल गहलोत ने तुलसी की वैल्यू चेन और किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से उद्यमिता की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। आत्मा विभाग से श्री हरिओम धाकड़ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद किया। प्रशिक्षण में 30 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिन्होंने तुलसी की खेती को आजीविका के रूप में अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।

## बाबा साहेब अंबेडकर के बताये रास्ते पर चल रही है भाजपा : उपमुख्यमंत्री

**रतलाम।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत् संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा , पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा, मुख्य वक्ता रहे।



अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। इस दौरान जिला महामंत्री निर्मल कटारिया एवं संगीता चारेल तथा भाजपा अ.जा. मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाष बौरिया मंचासीन रहे। संगोश्ठी मे पहलगाम हमले मे मृत्य हुए देषवासियों को मौन रखकर श्रृद्धाजंलि दी गई।

उपमुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर षोशित व पीड़ित लोगो की आवाज थे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब की भावना अनुसार ही सबका साथ- सबका विकास का संकल्प लेकर सारी योजनाएं बनाकर काम कर रहे है। कांग्रेस ने बाबा साहेब को लेकर बातें बहुत कही, लेकिन उनके लिए कोई काम नहीं किया। हमेशा बाबा साहेब की उपेक्षा ही की और उन्हे कभी आगे नही आने दिया। बाबा साहेब को चुनाव हराने से लेकर उन्हें संविधान सभा मे आने से रोकने का काम भी कांग्रेस ने किया। बाबा साहब का जीवन सदैव संघर्ष पूर्ण रहा। लेकिन वे बहुमुखी प्रतिमा के धनी थे। भाजपा उनके सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलकर सबका विकास कर रही है।

पूर्व विधायक श्री नेमा ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे विपक्ष ने कुप्रचार किया कि भाजपा आ जाएगी जो संविधान खतरे मे आ जायेगा। जबकि भाजपा सदैव संविधान का सम्मान करती आई है। भाजपा ने कभी बाबा साहेब के नाम से वोट नही मांगे और ये अभियान इसलिए चलाया कि बाबा साहेब जिस सम्मान के हकदार थे, वह उन्हे मिले। प्रधानमंत्री मोदी जी नेतृत्व मे बाबा साहब द्वारा बताए गए। कई कार्य हुए है और आगे भी देष मे सामाजिक समरसता के काम सदैव होते रहेगे। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया, उसमे कांग्रेस ने अपने हित के लिए कई बार संशोधन किए है। आपातकाल लगाना भी इसका ही प्रमाण है। मोदी जी ने सदैव जनता और देश हित में संविधान संशोधन किए और हर वर्ग को विकास में भागीदार बनाया है। बाबा साहेब जो सम्मान भाजपा शासनकाल मे मिला है, वह 70 सालों मे कभी नही मिला।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा बाबा साहेब की हर स्मृति को सहेज रही है। कांग्रेस ने सर्देव उनका अपमान किया। डॉ. अम्बेडकर सम्मान अभियान के माध्यम से भाजपा ने एक बार फिर संविधान और बाबा साहेब के प्रति अपने भाव प्रकट किए है। आरंभ मे स्वागत भाषण महामंत्री संगीता चारेल ने दिया। इससे पूर्व बाबा साहेब के जीवन पर केन्द्रित गीत की प्रस्तुति प्रयाग चावरे द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने किया। आभार अजा. मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बोरिया ने माना।

# स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे कचरे के ढेर



## कचरा एकत्र कर रहवासी क्षेत्र में ही जला रहे सफाई कर्मचारी



**सिंघाना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों व गांवो को स्वच्छ रखने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे है। धार जिले का सबसे विकाससिल ग्राम जो नगर की चाहत रखने वाला ग्राम सिंघाना में पंचायत स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखाते गंदगी के ढेर सरकारी उदासीनता की पोल खोल रहे हैं। ग्राम में जगह-जगह जमा कचरे के ढेर से उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं। सफाई कर्मचारी ग्राम के मेन मार्केट झाड़ू लगा कर व कचरा उठाकर सड़क पर ही ढेर कर रहे हैं। व वही जला रहे है।

सिंघाना का हृदय स्तंभ या केंद्र बिंदु कहे जाने वाला झण्डा चौक से कुछ दूर शिवाजी मार्केट पर ही दुकानों के आज पास कचरा इस कदर बिखरा पड़ा है कि मानो ग्राम सिंघाना में सफाई की कोई व्यवस्था ही न हो। ग्राम की सफाई व्यवस्था पर बड़े-बड़े सवाल उठ रहे हैं। मेन मार्केट पर लगे गंदगी के ढेर ग्राम की शोभा बढ़ा रहे हैं। लेकिन ग्राम पंचायत के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। हालाकि समय-समय पर पंचायत स्वच्छता को लेकर खुद अपनी पीठ थप थपाती रहती है। लेकिन ग्राम की मुख्य सड़कों पर पड़ी गंदगी ग्राम पंचायत के दावों की पोल खोल रही है। कई मेन चौराहों पर रोजाना कूड़ा पड़ा रहता है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों व गांवों में स्वच्छता लाने की अपील कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सरकारी सफाई कर्मचारी ग्राम की सड़कों पर कूड़ा डालकर मिशन का मजाक बनाते नजर आ रहे हैं।

**कचरा एकत्र कर रहवासी क्षेत्र में ही जला रहे सफाई कर्मचारी-** ग्राम पंचायत सिंघाना के सफाई कर्मियों की कार्यप्रणाली से स्वच्छता अभियान असफल होता नजर आ रहा है।कचरे के ढेर व सफाई कर्मियों ही स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाते नजर आ रहे हे। सफाई कर्मियों के द्वारा ही नगर के विभिन्न चौराहे के किनारे कचरा एकत्र कर रहवासी क्षेत्र में ही जला दिया जा रहा है। वायु प्रदूषण होने से रहवासी परेशान हैं। सुबह सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाकर आवासीय क्षेत्र और बाजारों में झाड़ू लगाने के बाद छोटी-छोटी ढेरियों को उठाने की बजाय उनमें आग लगा रहे है। इससे सुबह बहने वाली शुद्ध अक्सीजन की आस में मॉनिर्ग वॉक करने जाने वाले लोगों को प्रदूषित धुएं का शिकार होना पड़ रहा है। गांव में खुले में कचरा जलाना एक गंभीर समस्या है। यह पर्यावरण के लिए, हानिकारक हो रहा है,और लोगों की सेहत के लिए भी खतरा हो सकता है। कचरा जलाने से निकलने वाले धुआं और हानिकारक गैसें सांस की बीमारियों, त्वचा के रोगों और कैंसर जैसी घातक बीमारियों व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

## कचरा डालना सख्त मना है' बोर्ड के नीचे कचरे का ढेर

ग्राम पंचायत सिंघाना ने कुछ दिन पहले गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जागरूक अभियान के तहत जगह-जगह पर बैनर पोस्टर लगाए गए थे जिस पर लिखा था, यहाँ पर कचरा डालना सख्त मना है। देखे जाने पर 500/-रू जुर्माना है, ग्राम पंचायत सिंघाना की ओर से यह आदेश बैनर पोस्टर के माध्यम से गांव के कई जगह लगाया गया है, परंतु कार्रवाई के इस साइन बोर्ड के ठीक नीचे कूड़े का अंबार है, ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी यहां से वक्त पर कूड़ा नहीं उठा रही है और न ही कूड़ा फेंकेन वालों पर कार्रवाई कर पा रही है। उलटा खुद ही झाड़ू निकाल कर कचरे का ढेर कर रहे हैं, ग्राम पंचायत सिंघाना खुद के बनाए नियमों को अमलीजामा नहीं पहना पा रही है। कूड़ा न फेंकने और कूड़ा फेंकने पर कार्रवाई की चेतावनी वाले साइन बोर्ड पंचायत के सामने, झण्डा चौक, सब्जी मंडी, पानी की टंकी, समेत कई जगहों पर लगे हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश जगहों में कूड़ा फेंका जा रहा है। कई जगह से तो बैनर पोस्टर भी गायब हो गए हैं। न लोग कूड़ा फेंकने से बाज आ रहे हैं और न ही ग्राम पंचायत नियम तोडऩे वालों पर कार्रवाई कर पा रही है, जिससे सब बेफिक्र होकर कूड़ा डाल रहे हैं, ग्राम पंचायत अब तक प्रतिबंधित क्षेत्र में कूड़ा डालनले वाले किसी भी व्यक्ति पर जुर्माना नहीं लगा सकी है। जिससे कूड़ा फेंकने वालों को कोई डर भी नहीं है। लोगों का यह रवैया और पंचायत सफाई कर्मचारी की लापरवाही शहर की सुंदरता पर बट्टा लगा रही है।




# मालिक थोड़ा तो रहम करो...

## ट्रकों और ट्रालियों में क्षमता से अधिक भरा जा रहा भूसा



**सिंघाना (चेतन जिराती)।** क्षेत्र में गेहूं कटाई का दौर पूर्ण हो गया है। कटाई के बाद थेशर से निकले गेहूं मंडी में बिकने पहुंच रहे हैं। गेहूं की उपज के साथ ही इसके भूसे व मक्के की कड़प का परिवहन क्षेत्र में लगातार चल रहा है। ट्रकों व ट्रालियों में निर्धारित क्षमता से अधिक भूसा भरा जा रहा है, जिससे बिजली के झूलते तारों से आग लगने का भय बना रहता है। इन वाहन चालकों को पुलिस तथा चालानी कार्रवाई का किसी भी प्रकार का भय नहीं रहता है, जबकि इनसे ग्राम का यातायात भी बाधित होता है। आसपास के क्षेत्र में बिजली के तार काफी नीचे झूलते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस ओर विद्युत कंपनी के कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन दिनों किसानों द्वारा गेहूं निकालने के बाद बचे भूसे को खरीदने के लिए व्यापारी गांवों में अपने ट्रक लेकर पहुंच रहे हैं। व्यापारियों द्वारा अपने वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक भूसा भरने से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि नीचे झूलते बिजली के तारों के छूने अथवा टूटने से आग लगने की घटनाओ की आशंका बनी रहती है। इन ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की दरकार है।

सिंघाना में शुक्रवार के दिन एक ट्रक में अत्यधिक ऊंचाई व दाएं-बाएं करीब एक से दो फीट बाहर तक तिरपाल में भूसा लटका हुआ था। इस तिरपाल के नीचे से एक कार आसानी से गुजर सकती थी। गनीमत रही ट्रक की गति धीमी थी,अन्यथा खंभे से ज्यादा जोर से टक्कर होकर नुकसान हो सकता था। ग्राम का मुख्य मार्ग खासकर मनावर कुक्षी रोड पर ऐसे दृश्य आम है। ग्रामवासियों का कहना हे कि अभी शादियों का सीजन चल रहा हे जिससे वाहनों का दबाव बढ़ गया है, जिससे दिनभर तीनों मार्गो पर वाहनों के उलझने से यातायात अकसर बाधित रहता है।ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के साथ बस स्टैंड व मेन रोड पर शासन प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय रत्न अवार्ड से पुणे में विशाल होंगे सम्मानित



**मनावर से बसन्त जख्मी।** जिला धार के अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी व समाज सेवी श्री विशाल पिता कैलाश दामके को पुणे (महाराष्ट्र) मे कलाजीवन बहुउदेशिय संस्था द्वारा 27 अप्रैल को सावित्री बाई फूले सभाग्रह मे मुख्य अथितियों द्वारा राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

कला जीवन संस्था के अध्यक्ष चित्रकार अंतराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त युवराज आ. ठाकरे ने बताया कि इस समारोह मे देशभर के ऐसे लोगो को सम्मानित किया जिन्होने अपने क्षेत्र मे उल्लेखनीय व सहरानीय कार्य किये साथ ही कलाजीवन स्मरणिका प्रकाशन भी किया जायेगा। विशाल दामके कराते अंतराष्ट्रीय खिलाडी व ब्लैक बेल्ट धारक हैं जिनके द्वारा कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता मे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम गौरवन्वित किया खेल जगत के साथ 2 समाजिक क्षेत्र मे भी उत्कृष्ट कार्य किये है उन्होंने हजारों बालिकाओ को आत्मरक्षा प्रशिक्षण व गुड टच - बेड टच व , नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यक्रम किये साथ साइबर उपराधों से सुरक्षा की जानकारी दी मे हु अभिमन्यु अभियान किये प्रदेश के कई जिलों मे रक्तदान शिविर लगवाये रोटी बैंक, गौशाला, अनाथ व वृद्धाआश्रम, मे समय समय पर सहयोग किया जाता है।

# नवागत सहायक आयुक्त वरकड़े द्वारा कन्या शिक्षा परिसर बाग का निरीक्षण



**बाग।** कन्या शिक्षा परिसर,बाग जिला धार में आज दिनांक 25 अप्रैल को जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त धार श्री नरोत्तम सिंह वरकडे एवं सहायक संचालक श्री आनंद कुमार पाठक ने परिसर के स्कूल एवं छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । सहायक आयुक्त महोदय ने छात्राओं द्वारा समर कैंप के अंतर्गत की जा रहीं गतिविधियों को देखा और सराहना कर छात्राओं से बातचीत भी की । संस्था की प्राचार्य श्रीमती मिली चौहान ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि छात्राओं को शारीरिक, बौद्धिक एवं समाजोपयोगी कार्यों के लिए प्रेरित किया जाए। उनके मार्गदर्शन में बच्चों को जीवन में काम आने वाली घरेलू और शैक्षिक गतिविधियां कराई जा रही हैं।संस्था में समर कैंप के अंतर्गत योग एवं प्राणायाम, पिथौरा आर्ट पेंटिंग, चित्रकला, मेहँदी, मिटटी के खिलौने बनाना, पारंपरिक खेल आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप का आयोजन सह्यदय सींखे, सृजन करें एवं समाज से जुड़े की थीम पर आयोजित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यालय से श्री मनीष रघुवंशी एवं श्री हेमंत पांडे भी उपस्थित थे। योग एवं प्राणायाम योग शिक्षक श्री राजेंद्र सिंह झाला द्वारा गीत एव कविता के माध्यम से कराया गया ।समस्त गतिविधियों में संस्था के शिक्षक श्री श्रवण जमरा श्री बापुसिंह गहलोत श्री अशोक चौधरी कैलाश सिसोदिया दर्शन भंवर प्रेम लता रणदा बरखा बघेल रंगा चौहान रोशनी अलावा एवं अन्य अतिथि शिक्षक बड़ चड़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

## वल्लभाचार्यजी का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया, निकाली शोभायात्रा

**अमझेरा।** यहॉ के श्री गोवर्धन मंदिर परिसर से जगतगुरू श्री वल्लभाचायजी महाप्रभु का प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसके तहत सुसज्जि रथ पर सुंदर झांकी की शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ ग्राम के मुख्य मार्गो से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में बीसा नीमा महाजन समाज व वैष्णवजन शामिल हुए । रास्ते में महिलाओं के द्वारा गरबा नृत्य किया गया। शोभायात्रा का ग्राम पंचायत अमझेरा के द्वारा श्रीराम मंदिर से पुष्पवर्षो कर स्वागत सत्कार किया गया । मुखियाजी के द्वारा मंदिर में आरती उतारी गई तथा प्रसादी का वितरण किया गया।





# पहलगाम हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

## आतंकवादियों पर कड़ी कार्यवाही की करी मांग लगाये पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**अमझेरा (विक्रमसिंह राठौर)।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का शुक्रवार को यहॉ के मुस्लिम समाज के द्वारा विरोध प्रदर्षन करते हुए अंबेडकर चौराहे पर आतंकवाद के पुलते को जलाया गया एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद व आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। इस के पूर्व मुस्लिम समाजजन चमन मोहल्ले से तिरंगे झंडे के साथ मौन जुलुस के रूप में चौराहे पर पहुंचे तथा पुतले को रखकर नारेबाजी करते हुए पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए तहसीलदार मुकेष बामनिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें बताया गया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में एक बहुत ही दुखद घटना घटित हुई, जिसमे पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा घाटी में अपने परिवार के साथ घूमने गए निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया और 28 बेकसूर नागरिको को मार दिया गया । समस्त मुस्लिम समाज इस घटना पर रोष वक्त करता हैं और घटना के पीड़ित परिवारों के साथ उनका दुख साझा करता हैं।अमझेरा जिला धार मध्य प्रदेश के मुस्लिम समुदाय के लोग जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के बढ़ते प्रकोप को लेकर बहुत चिंतित हैं, आज पूरा देश आतंकवादियो की इस कायराना हरकत से गमगीन है हर दिल आक्रोश से भरा हुआ है संकट की इस घड़ी में देश का मुस्लिम समाज अपनी सेना और सरकार के साथ खड़ा है, समस्त मुस्लिम समाज अमझेरा मांग करता हैं कि सरकार पहलगाम की घटना में शामिल आतंकवादियो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे, और उन्हें पोषण देने वाले पकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, और आतंकवादियों से निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे जिससे जम्मू कश्मीर में पुनः शांति और अमन कायम करें। इस मौके पर समाज के सदर शौकत बाबा,हाजी गफ्फार हेड सा,षाहबाज उल्लाह कुरेषी,काजी वसीम सिद्दीकी,आरिफ डायमंड,कादिर खान,वकील साजीदअली,सफाकत कुरेषी,नासीर पठान,फरहान सिद्दीकी,काजी नसीम सिद्दीकी आदि समाजजन अपने हाथो पर काली पट्टी बांधकर मौजुद रहे ।

# हैदराबाद चेपॉक में चेन्नई के खिलाफ पहली बार जीती

## होम टीम को 5 विकेट से हराया, मेंडिस के नाबाद 32 रन ; हर्षल को 4 विकेट



सनराइजर्स हैदराबाद ने IPL 2025 के 43वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। इस हार से चेन्नई की प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है। टीम को अब सभी पांच जीतने होंगे और दूसरी टीमों पर भी निर्भर रहना होगा। टीम पॉइंट्स टेबल में सबसे निचले स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद 9 में से 3 मैच जीतकर 6 अंक के साथ 8वें नंबर पर आ गई है। शुक्रवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में हैदराबाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई 19.5 ओवर में 154 रन पर ऑलआउट हो गई। जबाव में हैदराबाद ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। हैदराबाद के लिए ईशान किशन ने 44 और कामिंडू मेंडिस ने नाबाद 32 रन की पारी खेली। चेन्नई से नूर अहमद ने 2 विकेट झटके। खलील अहमद, रवींद्र जडेजा और अंशुल कंबोज को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, ष्टस्य से डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वहीं स्त्र॥ से हर्षल पटेल ने 4 विकेट लिए। चेन्नई सुपर किंग्स- एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, सैम करन, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, दीपक हुड्डा, डेवाल्ड ब्रेविस, खलील अहमद, नूर अहमद, मथीश पथिराना, । इम्पैक्ट- अंशुल कंबोज, आर अश्विन, जैमी ओवर्टन, कमलेश नागरकोटी और घोष। सनराइजर्स हैदराबाद- पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नीतीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अनिकेत वर्मा, कामिंडू मेंडिस, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी, मोहम्मद शमी। इम्पैक्ट- ट्रैविस हेड, अभिनव मनोहर, सचिन बेबी, राहुल चाहर और वियान मुल्डर।

### राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 से बाहर होने वाली पहली टीम बनी

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्य टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम बनी है। रॉयल्स की टीम अपने 9 वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 रनों से हार के साथ ही मुकाबले से बाहर हो गयी। यह रॉयल्स की इस सत्र में लगातातर पांचवीं हार है। रॉयल्स ने अभी तक आईपीएल सत्र में 9 मैच खेले हैं। जिसमें 7 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है जबकि उसके केवल 2 मैचों में ही जीत मिली है। आरसीबी से मिली हार के बाद टीम अंक तालिका में 8वें स्थान पर फिसल गयी है। रॉयल्स को अब इस सीजन में अब बचे हुए पांच मुकाबले गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। अगर वह ये सभी मुकाबले जीत भी जाती है तो अधिक से अधिक 4 अंकों तक ही पहुंच सकेगी। जिस तरह से शीर्ष चार से पांच टीमों के अंक हैं। ऐसे में साफ है कि 14 अंकों के साथ कोई टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर पाएगी। हालांकि अगर राजस्थान इतने अंकों तक पहुंचने में सफल रहती है तो भी उन्हें दूसरी टीमों के परिणामों पर आधारित रहना होगा। जब से लीग में 10 टीमों ने भाग लेना शुरू किया है तब से मात्र 1 ही बार ऐसा हुआ है जब 14 अंकों के साथ किसी टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया हो।



### धन्नड़ प्रीमियम लीग (DPL) का खिताब एक बार फिर SPC 11 के नाम, फाइनल में DT 11 को दी मात

पीथमपुर (धन्नड़)। औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम धन्नड़ में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट धन्नड़ प्रीमियम लीग (DPL) सीजन-3 का समापन सोमवार रात को हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का खिताब एक बार फिर SPC 11 ने अपने नाम किया, जो लगातार दूसरा वर्ष है जब टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। फाइनल में शानदार प्रदर्शन फाइनल मुकाबला SPC 11 और DT 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर SPC 11 ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। DT 11 ने 10 ओवर में कुल 65 रन बनाए। जवाब में SPC 11 ने 66 रन बनाकर मैच जीत लिया और फाइनल पर पूरी मजबूती से कब्जा किया। विजेता टीम को 41,000 नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई। विजेता और उपविजेता को भेंट किए गए इनाम **पहला इनाम-** न्यू पटेल पब्लिक स्कूल के संचालक जनाब फिरोज पटेल द्वारा विजेता SPC 11 को ?41,000 और ट्रॉफी सप्रेम भेंट की गई। **दूसरा इनाम-** श्री साई एकेडमी हाई स्कूल के संचालक जनाब आशिक पटेल मास्टर जी ने उपविजेता धन्नड़ टाइगर्स (ष्ठञ्ज 11) को ?21,000 और ट्रॉफी भेंट की।

**8 टीमों ने लिया था भाग-**धन्नड़ के निजी मैदान पर आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था। एक सप्ताह तक चले इस रोमांचक मुकाबले में क्रिकेट प्रेमियों का खासा उत्साह देखने को मिला।

### वैभव के सितारे उसे बनाएंगे विराट जैसा क्रिकेटर !

**नई दिल्ली (इ)।** 14 साल की उम्र में आईपीएल खेलने वाले वैभव सूर्यवंशी के भविष्य में विराट कोहली जैसा क्रिकेटर बनने की उम्मीद जतायी जा रही है। बिहार के समस्तीपुर में जन्मे वैभव ने केवल 12 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डेब्यू किया और 14 साल 23 दिन की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया और अब राजस्थान रॉयल्स लिए वह खेला रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वैभव की कुंडली धनु लग्न की है जिसमें राहु-चंद्र युति बनी हुई है। धनु लग्न में राहु (3 डिग्री) और चंद्रमा (27 डिग्री)- अत्यधिक महत्वाकांक्षा, रातोंरात प्रसिद्धि की संभावना पैदा कर रहा है। तीसरे भाव में शुक्र और नेपच्यून वैभव सूर्यवंशी को बेमिसाल टाइमिंग, एस्थेटिक बैटिंग स्टाइल दे रहा है. वहीं कुंडली के चतुर्थ भाव में सूर्य, बुध, गुरु और मंगल ग्रह का दुर्लभ योग क्रिकेट को लेकर स्थायित्व, तकनीक, और शारीरिक सामर्थ्य को दर्शा रहा है। दशम भाव में शनि देव मेहनत से उभरने वाला, बड़ा बनने की पूरी क्षमता प्रदान कर रहे हैं।वर्तमान में इस खिलाड़ी की कुंडली में चंद्रमा महादशा और राहु अंतरदशा (2023-2025) चल रही है. यह समय होता है जब कोई खिलाड़ी अचानक मीडिया की नजर में आता है, कोई रिकॉर्ड बनाता है या बड़े टूर्नामेंट्स में चुना जाता है। ग्रहों की गणना का सूक्ष्म विश्लेषण करें तो ये स्पष्ट है कि वैभव के अच्छे समय की शुरुआत हो गयी है, 2025 में कुछ रुकावटों के साथ वर्ष 2026 से मंगल की दशा आरंभ होने पर इस खिलाड़ी का भाग्य बदलेगा।

### एसएस कम्यून की शानदार जीत

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित स्व. सतीष चन्द्र गोठी स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अतर्गत आज एसएस कम्यून एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 163 रन बनाये । अर्जुन मेहर ने सर्वाधिक 50 रन बनाये । वंष तंवर एवं नक्ष पाल ने 3-3 विकेट तथा धैर्यांष अत्रे ने 2 विकेट लिये । जवाब में विजय क्लब की टीम 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 98 रन ही बना पाई और यह मैच 65 रनों के अंतर से हार गई । कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्षन नहीं कर सका । अर्जुन मेहर ने दोहरा प्रदर्षन करते हुए 4 विकेट एवं अंष सिंह शौर्य मदान व विहान श्रीवाण्डे ने 2-2 विकेट लिये ।

### उज्जैन और भोपाल भाया ट्राफी के फाइनल में

इन्दौर। उज्जैन और भोपाल की टीमों ने जेएन भाया स्मृति टी-20 अंतरसंभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्वालियर में खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में पहले मैच में उज्जैन ने जबलपुर को 5 विकेट से हराया। जबलपुर ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 182 रन बनाए। यश चैनपुरिया ने 46, निखिल सिंह ने 46, राहुल शर्मा ने 23 रन बनाए। पंकज पटेल ने 3, पार्थ साहनी व शांतनु रघुवंशी ने 2-2 विकेट लिए। उज्जैन ने जवाब में 5 विकेट पर 186 रन बनाए। पार्थ साहनी ने नाबाद 62, सूरज यादव ने 35, शांतनु रघुवंशी ने 33 रन बनाए। मंगेश यादव व कमल त्रिपाठी को 101 विकेट मिला। दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल ने इन्दौर को 3 विकेट से हराया। इन्दौर ने पहले खेलते हुए 8 विकेट पर 165 रन बनाए। चंचल राठौर ने 52, शुभम राठौर ने 40, सागर सोलंकी ने 36 रन बनाए। आकाश रघुवंशी ने 3 व पवन निरवानी ने 2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल ने 19.5 ओवर में 7 विकेट पर 169 रन बनाकर मैच जीत लिया। रितिक टाडा ने 35, प्राब्ध मिश्रा ने 22, राहुल बाथम ने नाबाद 20, विकास शर्मा ने नाबाद 19 रन बनाए। शिवम शुक्ला व सारांश सुराना को 303 विकेट मिले।

### ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर

हर वर्ष की तरह स्थानीय नेहरू स्टेडियम फुटबॉल मैदान पर स्पोर्टिंग यूनियन फुटबॉल क्लब द्वारा ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षणशिविर आयोजित की जा रही है शिविर में एन आई एस ?प्रशिक्षक एवं ? ए ए ई एफ एफएफ प्रशिक्षित प्रशिक्षण का कार्य कर रहे हैं दिनांक 24, 4,25 को शिविर का साधारण तरीके से उद्घाटन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में नेवी से रिटायर्ड ऑफिसर नंदलाल परदेसी द्वारा किया गया एवं शिविर में खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की गई अतिथि का स्वागत पुष्प कुंज से श्री रमन वर्मा, संदीप गौड़, संजय मेहरा द्वारा स्वागत किया गया।

### इंदौर ताइक्वांडो के चार खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त किया

**इंदौर**। पिछले दिनों महाराष्ट्र (मुम्बई) में ब्लैक बेल्ट की परीक्षा हुई। इस परीक्षा में परीक्षक परवेश खान 7 डेन ब्लैक बेल्ट ने परीक्षा ली, एक साथ चार खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा दी जो कि इस प्रकार है 1 डैन ब्लैक बेल्ट सोनाली मिश्रा, हिमांशी यादव, दिव्यांश टटवाड़े ,लक्ष महाजन खिलाडियो की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश की प्रतिभावान खिलाड़ी विक्रम अवार्डी (सी आर पी एफ) आरती खकाल एवं विश्वामित्र अवार्डी श्री वीरेंद्र पवार कोच हिमांशु खत्री, आकाश ठाकुर, रश्मि कौशल ने बधाई दी

### सचिन बनें शिर्डी वाले साईं बाबा के सूत्रधार



शो शिर्डी वाले साई बाबा में सूत्रधार के रूप में सचिन मार्गदर्शन करेंगे, यह समझाते हुए नजर आएँगे कि साई बाबा के सरल किंतु प्रभावशाली संदेश आज के समय में भी कितने प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। उनकी आवाज़ शो की कहानियों को एक नई ऊँचाई देगी और करुणा, आशा व परोपकार जैसे मूल्यों को सामने लाएगी। भारतीय सिनेमा और टेलीविज़न में अपने असाधारण योगदान के लिए जाने जाने वाले सचिन पिलगांवकर अपनी भावनात्मक गहराई और गरिमा से इस शो को और प्रभावशाली बनाएंगे। साई बाबा के प्रति उनकी आस्था उनके सूत्रधार की भूमिका को और भी भावपूर्ण बना देती है।सचिन पिलगांवकर ने कहा, ÷यह मेरे लिए सिर्फ एक पेशेवर उपलब्धि नहीं है, यह एक गहरी भक्ति है। मैं हमेशा से साई बाबा का एक समर्पित अनुयायी रहा हूँ।

### प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए




फ़िल्म भूल चुक माफ़ के निर्माता एक और संगीतमय रत्न - चोर बाजारी फिर से के साथ वापस आ गए हैं। इस ट्रैक ने अपने टीज़र के साथ पहले ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और यह अपने मनोरंजक बोल, आधुनिक प्रोडक्शन और एक विजुअल तमाशे के साथ दिलों और संगीत चार्ट पर राज करने के लिए तैयार है जो दर्शकों के साथ बने रहने का वादा करता है। प्रतिभाशाली करण शर्मा द्वारा निर्देशित और दूरदर्शी दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित भूल चुक माफ़ में राजकुमार राव और प्रतिभाशाली वामिका गब्बी ने रंजन तिवारी और तितली मिश्रा की मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं और यह 9 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

### हिमांशी खुराना एक बार फिर चर्चा में

पंजाबी सिंगर और एक्ट्रेस हिमांशी खुराना एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी ब्रेकअप को लेकर नहीं, बल्कि पंजाब फिल्म इंडस्ट्री के एक व्यक्ति पर गुस्सा जाहिर करने के कारण सुर्खियों में हैं। हाल ही में हिमांशी ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया,



जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में हिमांशी ने अपने गुस्से और नाराजगी का इजहार किया, हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया। पोस्ट में उनका संदेश स्पष्ट था कि वह किसी के व्यवहार से असहमत हैं और उस व्यक्ति से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बातें सामने आनी चाहिए। हिमांशी खुराना की यह पोस्ट अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है, और उनके फैंस और मीडिया उनके इस गुस्से के कारणों को लेकर कयास लगा रहे हैं। इस पोस्ट ने एक बार फिर हिमांशी की चुप्पी तोड़ी है, और वह इस मामले में कुछ साफ-साफ कहना चाहती हैं।

### पंकज त्रिपाठी और अमित राय फिर एक साथ आए



OMG 2 की आलोचकों द्वारा सराही गई और व्यावसायिक सफलता के बाद, अभिनेता पंकज त्रिपाठी और लेखक-निर्देशक अमित राय एक बार फिर एक गहरी भावनात्मक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक मानवीय ड्रामा फिल्म के लिए साथ आए हैं। पंकज त्रिपाठी के साथ इस फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे जाने-माने कलाकार पवन मल्होत्रा, गीता अग्रवाल, राजेश कुमार और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के कई प्रतिभाशाली कलाकार। यह फिल्म राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रतिभाओं का सुंदर संगम होगी।निर्देशक अमित राय के साथ फिर से काम करने को लेकर पंकज त्रिपाठी ने कहा, OMG 2 मेरे लिए एक बेहद खास फिल्म रही–न सिर्फ इसलिए कि ये मेरी पहली 180 करोड़ की सोलो हिट थी, बल्कि इसलिए भी कि इस फिल्म ने लोगों से एक मानवीय और भावनात्मक स्तर पर जुड़ाव बनाया।

### नेहा भसीन ने पैपराजी की कर दी बोलती बंद, वीडियो वायरल



नेहा भसीन प्लेबैक सिंगर हैं। वह अपने गानों के साथ अपने फैशन को लेकर भी खबरों में बनी रहती हैं। इसी बीच नेहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में नेहा पैपराजी से कुछ ऐसा कहती हैं, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाती है। सिंगर का ये वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। नेहा भसीन बुधवार को मुंबई में स्पॉट हुईं। नेहा को देखते ही पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया। नेहा ने इस दौरान व्हाइट कलर की टी-शर्ट और भूरे रंग की शॉर्ट्स पहनी थी। बिना मेकआप में नेहा को पैपराजी जैसी ही कैमरे में कैद करने के लिए उनके पीछे आने लगते हैं, नेहा कहती हैं, जब तक कोई छोटे कपड़े नहीं पहनेंगे आप कुछ डालने तो वाले नहीं हो। आज मैंने पूरे कपड़े पहने हैं। आज कल आप सब लोग नंगा, नुंगा ही लेते हो। नेहा की ये बात सुनकर पैपराजी भी हक्के-बक्के रह गए।

### तेनाली रामा ने बचाया सिंहासन

शो तेनाली रामा में तेनाली रामा उस पुस्तक को ढूंढने के लिए संकल्पबद्ध हैं, जिससे ज्योतिषी द्वारा की गई भविष्यवाणी को बदला जा सके–कि महाराज कृष्णदेव राय जल्द ही अपना सिंहासन छोड़ देंगे। रामा ने एक प्राचीन पांडुलिपि की खोज की, जिसमें ऐसे साक्ष्य हैं जो महाराज कृष्णदेव राय (अदित्य रेडिज) के सिंहासन पर अधिकार को सिद्ध कर सकते हैं। इसी बीच राज्य भर में अफवाहें फैलने लगती हैं, जो महाराज की वैधता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं।रामा पुस्तकालय में उत्तर की तलाश में जाते हैं और वह पुस्तक जलाने की भी कोशिश करते हैं ताकि कोई और उसका उपयोग करके सिंहासन पर दावा न कर सके। लेकिन जब लगने लगता है कि सब कुछ नियंत्रण में है, तब एक नया मोड़ आता है–सैन्य प्रमुख सूर्य सिंहासन पर अपना अधिकार जताते हुए प्रकट होते हैं।



### संजू का नया गाना शेकी हुआ रिलीज़



अपने चार्टबस्टर गुलाबी साडी के साथ इंटरनेट पर धूम मचाने के बाद, अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली संजू राठौड़ एक नए ट्रैक, शकी के साथ वापस आ गए हैं, जो अब विशेष रूप से उनके यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।यह नवीनतम रिलीज़ महज एक गाना नहीं है - यह एक वाइब है। शकी को संजू राठौड़ ने स्वयं गाया, लिखा और संगीतबद्ध किया है, जिनकी मराठी संगीत जगत में कलात्मकता निरंतर विकसित हो रही है, जिसमें उन्होंने आधुनिक ध्वनियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के कच्चे, जड़ सार के साथ मिश्रित किया है।

### पुष्पा चॉल को तोड़ने से बचा पाएगी ?



शो पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा को अपनी बेटी राशि और अर्जुन शेखावत के रिश्ते के बारे में पता चलता है। अर्जुन, शंभू शेखावत का बेटा है। शंभू पुष्पा को कपल की आपत्तिजनक तस्वीरें दिखाकर चौंका देता है और उसे एक दर्दनाक सचाई का सामना करने पर मजबूर कर देता है।राशि अर्जुन पर अपने विश्वास का बचाव करती है, उसे भरोसा है कि अर्जुन अपने पिता की चॉल को वापस पाने में मदद कर सकता है। अर्जुन एक साहसिक कदम उठाता है और अपने पिता के ऑफिस में घुसकर एक अहम फाइल ढूंढ निकालता है, जिससे यह साबित होता है कि मसाला फैक्ट्री असल में एक फुल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। यह सबूत उनके कानूनी संघर्ष को एक नया मोड़ दे सकता है। हालांकि, जैसे ही आशा की किरण दिखाई देती है, कादंबरी एक बार फिर चालाकी से वापसी करती है। एक चौंकाने वाले ट्विस्ट में वह फाइल को बदल देती है ।

## पंचकोशी यात्रा के दौरान गुम हुई बालिका को, डायल-112/100 जवानों ने परिजन से मिलाया

**उज्जैन।** उज्जैन के थाना चिमनगंज क्षेत्र में पंचकोशी यात्रा में परिजन के साथ आई एक बालिका परिजन से बिछड़ गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 24-04-2025 को रात्रि 08:12 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल चिमनगंज थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक संजय त्रिपाठी एवं पायलेट विजेंद्र सिंह ने मौके पर पहुँचकर बताया कि पंचकोशी यात्रा में परिजन से साथ छूट जाने से बालिका गुम हो गयी थी । डायल 112/100 जवानों ने परिजन से बालिका के बारे में जानकारी लेकर आसपास तलाश एवं पूछताछ करने पर बालिका से संपर्क हुआ। डायल-112/100 जवानों ने परिजन को एफ आर व्ही वाहन से लेकर बालिका के पास लेकर पहुँचे जहाँ बालिका मिली। बालिका द्वारा परिजन की पहचान व सत्यापन उपरांत उनके सुपुर्द किया गया ।

## किराना, मोबाइल शॉप में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखो का माल जला

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के बागसेवनिया इलाके में स्थित नई बस्ती में एक किराना और मोबाइल शॉप में अचानक भड़की आग से लाखो का माल जलकर नष्ट ओ गया। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेत्री शोभा पांडे नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान हैं। दोनों दुकानो का संचालन उनका बेटा करता है। बीती आधी रात करीब डेढ़ बजे मोहल्ले वालों ने उनकी दुकानो में आग लगने की खबर दी थी। परिवार के अन्य लोगो के साथ वह दुकान पर पहुंची तो दुकानो में से आग की लपटें उठती नजर आई। परिवार वालो के साथ आस पास के लोगो ने मिलकर आग पर पानी डालकर उसे बुझाने के प्रयास शुरु करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी। लेकिन देखते ही देखते आग काफी बढ़ गई। शोभा पांडे का कहना है की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, रहवासियो के साथ मिलकर पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे लेकिन आग नहीं बुझी। उनका आरोप है कि फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची तब तक दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आकर किराना दुकान में रखे चार डी फ्रीजर सहित उनमें रखा सामान, किराना सामान जलकर खाक हो गया। और काफी माल आग बुझाने के लिए डाले गये पानी के कारण खराब हो गया। वहीं दूसरी दुकान में रखी एलईडी टीवी, मोबाइल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, फोटो कॉपी मशीन जल गई। उनके मुताबिक आग की चपेट में आकर करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## भेल कैंपस में कचरे में लगी आग ने मचाया तांडव

### -टंकियों में ब्लास्ट की सूचना, कई किलोमीटर दूर से नजर आ रहा था धुंआ

**भोपाल।** भोपाल में भेल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) के गेट नंबर 9 के पास कैंपस के अंदर कचरे में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है, कारखाने के भीतर ऑयल की टंकियां भी रखीं थीं, जो आग की चपेट में आ गई, और इनमें ब्लास्ट होने से आग तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और वाटर टैंकर मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरु कर दिये। आग की लपटें जहॉ 20 फीट तक ऊंची उठती रही वहीं भेल कैंपस से उठता आग का धुआं करीब 15 किमी दूर से नजर आ रहा था। स्थिति खराब होती देख फायर ब्रिगेड के साथ ही सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। जहां आग लगी है, वह गेट नंबर 9 से करीब 200 मीटर दूर है। हालांकि फैक्ट्री उससे काफी दूर है, लेकिन आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी पहुंच गए हैं। मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। भेल और नगर निगम की आठ फायर ब्रिगेड , पानी के टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किये गये। इसके साथ ही मंडीदीप से भी फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। भेल प्रबंधन की ओर से शाम तक टंकियों की ब्लास्ट के साथ ही किसी तरह के नुकसान की पुष्टि नहीं की गई।

## सुपर माइंड चैस टूर्नामेंट 4 मई को

**ग्वालियर ।** मध्य प्रयोग जिला शतरंज संघ की जिला एकाई ग्वालियर जिला शतरंज संघ र:सुपर माइंड शतरंज टूर्नामेंट रविवार, 4 मई को दीनदयाल सिटी मॉल फूड कोर्ट सेकेंड फ्लोर पर आयोजित होगी। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष संजय कठुल ने बताया, सुबह दस बजे से आयोजित इस टूर्नामेंट में बालक-बालिका अंडर-8, 12, 16 एवं अंडर-24 आयु वर्ग में मुकाबले होंगे। प्रत्येक कैटेगरी में 5/5 ट्राफी रखी गई हैं। भाग लेने वाले प्रतिभागी खिलाड़ी को आध घंटे पहले टूर्नामेंट स्थल पर पहुंचना जरूरी है। विजेता- उपविजेता खिलाड़ियों के अलावा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को सांत्वना पुरस्कार भी मिलेंगे। भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी तीन मई तक स्थान सुनिश्चित करा सकते है। सभी खिलाड़ियों को पंजीयन फार्म के साथ आयु प्रमाण-पत्र लगाना आवश्यक है।

## बेगमगंज क्षेत्र में रात्रि में अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना ग्रस्त हुई मार्शल, घायलों को डायल-112/100 एफ आर व्ही ने अस्पताल पहुंचाया

**रायसेन।** रायसेन के थाना बेगमगंज क्षेत्र में पलोहा गाँव के पास एक एक्सिडेंट हो गया है जिसमे 04 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 25-04-2025 को रात्रि 01:14 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बेगमगंज थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/10 स्टाफ आरक्षक दीपेन्द्र राजपूत पायलेट मोहम्मद शाहिद ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से मार्शल वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें 02 महिला एवं 02 पुरुष घायल हो गये थे । डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा सभी घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बेगमगंज पहुंचाया गया ।

# अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों पर करें कार्रवाई : श्रीमती गौर

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड-56 में भ्रमण कर सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**भोपाल ।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को वार्ड 56 में क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और एसडीएम को अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आनंद बिहार कालोनी और नरेंद्र नगर बरखेड़ा पठानी की महिलाओं ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को बताया कि बिल्डर ने प्लॉट बेच दिए। पानी, बिजली और नाली जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक पेट्रोल पंप संचालक ने अटल चौराहे से 80 फीट रोड पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद कर दिया है। रहवासियों ने वैकल्पिक मार्ग देने की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने अधूरे पड़े सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा कराने की मांग की। माता मंदिर बरखेड़ा पठानी में महिलाओं ने नाली की सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठाने की शिकायत की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लापरवाही करने वाले कर्मचारियों ने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। साकेत नगर सेक्टर-3डी नुपुर बाल उद्यान के नागरिकों ने पार्क में असामाजिक तत्वों के कब्जा कर अवैध कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित किये जाने की शिकायत की। यहां जर्जर हो चुकी सीवेज लाइनों से सड़कों पर गंदा पानी बहने की बात भी उठाई गई।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि नई पाइप लाइन का निर्माण अमृत फेज-2 के तहत शीघ्र कराया जायेगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर के साथ पार्षद श्री नीरज सिंह, प्रताप सिंह बेस, लीलाधर मालवीय, तुलाराम नामदेव, सुनील दबे सहित सैकड़ों की संख्या में रहवासी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### राजधानी में रिश्ते हुए शर्मसार

## हैवान बने बेटे ने वृद्ध मॉ के साथ चप्पल से की मारपीट, बहु ने बीमार ससूर को धक्का दिया

**भोपाल।** शहर के बैरागढ़ थाना क्षेत्र में रिश्तो को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहॉ एक रिटायर्ड महिला अधिकारी के साथ उसके बेटे ने चप्पल से मारपीट की।




इतना ही नहीं आरोपी बेटे की पत्नि भी उन्हें मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करती है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी बेटा-बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस के अनुसार सीआरपी कॉलोनी में रहने वाली उषा शर्मा पति महेश चंद्र शर्मा (69) तकनीकी शिक्षा रोजगार संचार न्यायालय से रिटायर्ड हैं। उनके पति महेश चंद्र शर्मा ब्रेन हेमरेज के मरीज है। जिस कारण उनके शरीर के कुछ हिस्से काम नहीं करते हैं। उषा शर्मा ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उनका बेटा कपिल शर्मा और बहू रेणु उर्फ रुपाली शर्मा उन्हें काफी प्रताड़ित करते है। उन्होनें बेटे कपिल शर्मा को कार दिलाई थी। बेटे ने यह कार माता-पिता को बिना बताये ही अपने दोस्त अजय वासवानी को बेच दी। अजय वासवानी ने उस कार पर एक बैंक से लोन ले लिया। जब उसने लोन की किस्त नहीं चुकाई तब बैंक वाले उषा शर्मा के पास पहुचें। इसके बाद उन्हें कार बेचने और उस पर लोन लिये जाने की जानकारी लगी।

जब इस संबध में उन्होनें बेटे से बातचीत की तब बहू बेटा उनसे विवाद करने लगे। आरोप है कि झगड़े के दौरान आरोपी बेटे कपिल ने जहॉ उन्हें चप्पल से पीटा वहीं उनकी बहू रेणु ने दिव्यांग ससुर को धक्का देकर गिरा दिया। बाद में उन्होनें सारी बात अपनी विवाहित बेटी को बताई। जिसके बाद मामला थाने पहुंच गया। मामला कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी है।

## तीन युवतियो से दुष्कर्म का मामला, एसआईटी करेगी तीनों केसो की जांच

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के टीआईटी कॉलेज के पास आउट छात्रों के एक ग्रुप द्वारा कई युवतियों को अपने जाल में फंसाकर उनके साथ दुष्कर्म किये जाने की सनसनीखेज घटना प्रकाश में आई है। आरोपी पहले दोस्ती करके युवती को फंसाते थे। फिर उनके साथ शारीरिक संबध बनाते हुए वीडियो बना लेते और इसके बाद उनकी सहेलियों से दोस्ती कराने के लिए मजबूर करते थे। बताया गया है की मामले में साहस कर तीन युवतियां सामने आई जो उसी कॉलेज में पढ़ती थी। तीनो पीड़िताए बागसेवनिया थाना पहुंची जहॉ शिकायत मिलने पर पुलिस ने जीरो पर मामला दर्ज किया था। वहां से केस डायरी जहांगीराबाद, ऐशबाग और अशोका गार्डन थाना पुलिस को भेजी गई। सूत्रो के मुताबिक आरोप है की फरहान खान, साहिल खान और अली खान नाम के आरोपियों ने नाम बदलकर इन छात्राओं से दोस्ती की। इसके बाद उन्हें मिलने बुलाकर अलग-अलग जगहों पर ले जाकर ज्यादती की। इतना ही नहीं आरोपियों ने लड़कियों के अश्लील वीडियो बना लिए थे। बाद में इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार उनका दैहिक शोषण करते हुए हजारों रुपए भी ऐंठ लिए। आरोपियों की डिमांड लगातार बढ़ने पर परेशान होकर एक युवती बागसेवनिया थाने पहुंची और एक आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पीड़ित युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी दो अन्य सहेलियों के साथ भी इसी तरह से अन्य आरोपियो ने दुष्कर्म किया है। उसकी बात सुनकर पुलिस सकते में आ गई और पुलिस ने इन दोनों युवतियों से संपर्क कर उनकी काउंसलिंग कराई।

## किराना, मोबाइल शॉप में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखो का माल जला

**भोपाल।** देहात क्षेत्र के बागसेवनिया इलाके में स्थित नई बस्ती में एक किराना और मोबाइल शॉप में अचानक भड़की आग से लाखो का माल जलकर नष्ट ओ गया। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेत्री शोभा पांडे नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान हैं। दोनों दुकानो का संचालन उनका बेटा करता है। बीती आधी रात करीब डेढ़ बजे मोहल्ले वालों ने उनकी दुकानो में आग लगने की खबर दी थी। परिवार के अन्य लोगो के साथ वह दुकान पर पहुंची तो दुकानो में से आग की लपटें उठती नजर आई। परिवार वालो के साथ आस पास के लोगो ने मिलकर आग पर पानी डालकर उसे बुझाने के प्रयास शुरु करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी। लेकिन देखते ही देखते आग काफी बढ़ गई। शोभा पांडे का कहना है।

## घर में चक्कर खाकर गिरी विवाहिता और हो गई मौत

**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना इलाके में स्थित ग्राम चांदपुर में एक विवाहिता अपने घर में अचानक चक्कर आने के बाद गिरकर बेसुध हो गई। परिवार वाले उसे इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम धमोदा, जिला विदिशा की रहने वाली शारदा अहिरवार पति दिनेश अहिरवार (25) की शादी करीब सात साल पहले निजी काम करने वाले दिनेश से हुई थी। बुधवार को पति अपने काम पर गया हुआ था। देर शाम करीब 7 बजे शारदा की ननद कांति बाई उसे बेहोशी की हालत में इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद शारदा को मृत घोषित करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कांति ने बताया की घर में काम करते समय शारदा अचानक चक्कर आने पर गिरकर बेसुध हो गई थी। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच के लिये मर्ग डायरी एसडीओपी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है, कि मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया गया है। वहीं विवाहिता की मौत का सही कारण पीएम रिपोर्ट आने पर ही साफ हो सकेगा, जिसके आधार पर ही आगे की कार्यवाही की दिशा तय की जायेगी।

# सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण होगा सुभाष नगर आरओबी का थर्ड लेग : श्री सारंग

## सुभाष नगर आरओबी के थर्ड लेग का निर्माण जल्द होगा शुरू, मंत्री श्री सारंग ने किया स्थल का निरीक्षण

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को सुभाष नगर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के प्रस्तावित थर्ड लेग निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की रूपरेखा का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग (सेतु), नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग का अवलोकन कर थर्ड लेग निर्माण में आने वाली संभावित बाधाओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के भी निर्देश दिए।

### फ्लाई ओवर के ऊपर से होकर गुजरेगा फ्लाई ओवर का थर्ड लेग

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि नरेला विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से अब तक 10 फ्लाई ओवरों की सौगात दी है। विगत वर्ष बने सुभाष नगर आरओबी से 5 लाख नागरिकों को सुविधा मिल रही है। अब इसी आरओबी का विस्तार करते हुए इसका 'थर्ड लेग' तैयार किया जाएगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा। थर्ड लेग से भेल क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को एमपी नगर एवं न्यू भोपाल पहुँचने में और अधिक सुगमता होगी।

### सुभाष नगर थर्ड लेग होगा सिविल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण



मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह थर्ड लेग तकनीकी दृष्टि से अत्यंत उन्नत होगा तथा सिविल इंजीनियरिंग का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह फ्लाई ओवर, सुभाष नगर आरओबी के ऊपर से होकर गुजरेगा और अत्यंत आकर्षक डिज़ाइन के साथ कर्व लेते हुए निर्मित किया जाएगा। इसके निर्माण में लगभग 242 मीटर का स्पान शामिल होगा और इसकी अनुमानित लागत लगभग 22 करोड़ रूपये है। उन्होंने बताया कि थर्ड लेग की डिजाइन तैयार हो चुकी है और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### यातायात की सुगमता के लिए आवश्यक है फ्लाई ओवर का थर्ड लेग

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वर्तमान में भेल क्षेत्र की ओर से आने वाले यात्रियों को सुभाष नगर फ्लाई ओवर पर चढ़ने के लिए प्रभात चौराहा होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। थर्ड लेग के निर्माण से यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। अब भेल से आने वाले वाहन पुराने फ्लाई ओवर पर सीधे चढ़ सकेंगे। इसके साथ ही मैदा मिल और एमपी नगर की ओर से भेल क्षेत्र की ओर जाने वाले यात्रियों को भी अब प्रभात चौराहे का रूट नहीं लेना पड़ेगा और मैदा मिल की तरफ से थर्ड लेग से चढ़कर मोती नगर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि यह थर्ड लेग यात्रियों को सीधे और सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अच्छी होगी।

### मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर तैयार की गई है थर्ड लेग की डिजाइन

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में ट्रैफिक सिस्टम को सुव्यवस्थित करने के लिए हमने एक ठोस कार्य योजना बनाई है, जिसका निरंतर विस्तार किया जा रहा है। यह थर्ड लेग ना सिर्फ यातायात सुविधा को बढ़ाएगा, बल्कि भोपाल शहर के बुनियादी ढांचे को भी एक नई ऊँचाई प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि थर्ड लेग की डिजाइन मंत्री श्री सारंग के निर्देश पर तैयार की गई है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com